RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 19 अंक » 261

टोंक » शुक्रवार » 26 अप्रैल, 2024

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)



खबरों की दुनिया

एक नजर

## रोजगार मेले में मिला 55 युवाओं को रोजगार



खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** पालडीवाला आईटीआई की ओर से आयोजित हुए रोजगार मेले 55 युवाओं का चयन हुआ। मेले में 68 युवाओं ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्राचार्य राकेश मालवीय ने बताया कि संस्थान की ओर से 17वां रोजगार कैंप का आयोजन किया गया था।

मेले में इपैक ड्यूरेबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड धारूहेड़ा, गुडगाव, लूमेक्स धारूहेड़ा, गुडगाव व जापानीज एमएनसी नीमराणा अलवर, नेस्ले इंडिया के एचआर प्रतिनिधियों ने कैंप में पहुंच युवाओं का साक्षात्कार के जरिए चयन किया गया। चयनित युवाओं को संस्थान प्राचार्य राकेश मालवीय, कंपनी प्रतिनिधि सुश्री अंजली, उपदेश कुमार, महिपाल प्रजापत, उपेन्द्र कुमार ने ऑफर लेटर प्रदान किए गए।

## विराट भजनसंध्या में झूम उठे श्रद्धालु



खबरों की दुनिया

**सीकर।** सांवली रोड़ पर शेखावाटी म्यूजियम के पास स्थित सिद्धपीठ बड़ा तालाब दक्षिणमुखी बालाजी धाम में विगत रात्रि विराट भजनसंध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु बालाजी महाराज व श्यामप्रभु के मधुर भजनों पर झूम उठे। भण्डारे के साथ 125वां हनुमान जन्मोत्सव का दो दिवसीय आयोजन सम्पन्न हो गया।

मंदिर परिसर में बालाजी की ज्योत प्रज्वलित कर पहले दिल्ली से आये भजन गायक अजय तुलसीयान की अगुवाई में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया व फिर भजनसंध्या प्रारंभ हुई। श्रीश्यामबाबा भजन समिति के संस्थापक सचिव श्यामभक्त व भजन गायक रामगोपाल गोपी ने जहां अपने भजनों से श्यामप्रभु को रिझाया वहीं दिल्ली वाले भजन गायक अजय तुलसीयान ने हनुमानजी के गुण, प्रभाव व रामभक्ति से जुड़े भजन प्रस्तुत किये। आगंतुकों का स्वागत सत्कार व्यवस्थापक जगदीश शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंदिर की शानदार सजावट की गई व दक्षिणमुखी बालाजी का भव्य श्रंगार किया गया। भजनसंध्या में आये श्रद्धालुओं ने श्यामभक्त रामगोपाल गोपी व हनुमान बने कलाकार के साथ नाच नाच कर बालाजी को रिझाया।

## जेईई मेन्स में सीएलसी का फिर दबदबा

खबरों की दुनिया

**सीकर।** नीट एवं जेईई प्रवेश परीक्षाओं में देशभर में पहचान बना चुके संस्थान सीएलसी ने जेईई मेन्स के घोषित नतीजों में एक बार फिर शानदार परिणाम देते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की है। परिणाम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी ने बताया कि सीएलसी के 8 छात्रों ने 99.5 से ज्यादा पर्सेंटाइल प्राप्त किए है जिनमे 4 छात्रों ने 12वीं के साथ यह सफलता प्राप्त की है। छात्र प्रशांत ने 12वीं के साथ अपनी कैटेगरी में 16वीं, घनेंद्र ने 12वीं के साथ 362, मुकुल यादव ने 483, मनीष चौधरी ने 1443, अशोक स्वामी ने 1500, धीरज कुमार ने 12वीं के साथ 1593, युवराज सिंह ने 1597 और दिया सिंवर ने 12वीं के साथ 7629 रैंक प्राप्त की है। साहिल ने बताया की सीएलसी के 20 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ज्यादा अंक प्राप्त किए है जिनमे से 10 छात्रों ने 12वीं के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही सीएलसी के 88 छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ज्यादा अंक प्राप्त किए है, जिनमे से 46 छात्र 12वीं के साथ है। सफल छात्रों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सीएलसी की शिक्षक टीम, अपडेटेड स्टडी मैटेरियल और शानदार मैनेजमेंट को दिया। इस अवसर पर सीएलसी में उत्सव जैसा माहौल रहा और सभी ने मिठाई खिलाकर और एक दूसरे को बधाई देते हुए खुशी का इज़हार किया।

## डॉक्टर अब्दुल रहीम खत्री बेस्ट कॉन्टेक्टर अवार्ड से सम्मानित



खबरों की दुनिया

**सीकर।** पुणे प्रवासी डॉक्टर अब्दुल रहीम खत्री चेयरमैन बी.के . ग्रुप को सार्वजनिक पेट्रोलियम कम्पनी भारत पेट्रोलियम द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 2024 को समारोह पुर्वक आयोजित सम्मान समारोह मे बेस्ट कॉन्टेक्टर अवार्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर पर भारत पेट्रोलियम पुणे वेस्ट के रिटेल हेड गोरव, ट्रेजरी मनेजर कुलदीप गुलाटी, चीफ मेनेजर रिटेल महाराष्ट्र व गोवा सोरव मुखर्जी, ट्रेजरी मनेजर रिटेल जबलपुर अमोल सुपले, टीसी रिटेल पुणे पवन कुमार, सिनियर मनेजर सेल्स पुणे-1 सुरज आर और असिस्टेंट मनेजर अमोल अनगले उपस्थित रहै। डॉक्टर अब्दुल रहीम खत्री चेयरमैन बी.के. ग्रुप को मिले इस बेस्ट कॉन्टेक्टर अवार्ड पर उनके दोस्तो व गणमान्यजनो ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की।

## संभागीय आयुक्त ने अधिकारियों की ली बैठक

# विभागीय अधिकारी पूर्ण पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा से राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप संवेदनशील होकर कार्य करें : वंदना सिंघवी



खबरों की दुनिया

**सीकर।** संभागीय आयुक्त सीकर वंदना सिंघवी ने गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक लेकर स्वच्छ वातावरण निर्माण के लिए गंभीर होकर कार्य करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि समस्त कार्यालयों में साफ-सफाई करवाते हुए सकारात्मक वातावरण निर्माण की दिशा में सभी का सहयोग अनिवार्य है। स्वच्छ कार्य स्थल से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कार्य क्षमता में बढ़ोतरी होती है। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें तथा आने वाले दो सप्ताह में प्रत्येक शनिवार व रविवार को अपने-अपने कार्यालयों को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य पूर्ण करें।

संभागीय आयुक्त सिंघवी ने अस्पतालों में साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में हीट वेव से बचाव के लिए जनजागरूकता के संबंध में स्कूलों में वॉलपेंटिंग, होर्डिंग्स लगाने, पोस्टर, पम्पलेट, ऑटो टीपर में संदेश देने के लिए नगर परिषद एवं जिला परिषद के समन्वय से आईईसी गतिविधियों से प्रचार-प्रसार करने के बारे में कहा। उन्होंने पानी, बिजली से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण में विशेष मॉनिटरिंग कर सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्थाएं सुचारू रखने के साथ ही जल जीवन मिशन में पेयजल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा प्रत्येक विभागीय अधिकारियों को अपने फील्ड में आने वाली समस्याओं का 15 दिन में चिन्हीकरण कर निस्तारण करने के निर्देश दिये।

### नियमित जनसुनवाई करें अधिकारी

प्रतिदिन जनसुनवाई के निर्देश देते हुए संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि जैसा व्यवहार हम स्वयं के लिए चाहते हैं, वैसा सभी परिवादियों के साथ करें। बहुत उम्मीद और मजबूरी में आमजन सरकारी कार्यालयों में आते हैं। परिवादी के होने लायक कार्यों का त्वरित निस्तारण हो तथा नहीं होने लायक कार्यों के समाधान के लिए संवेदनशील होकर आवश्यक मागदर्शन दें। कार्यालय के बाहर जनसुनवाई समय का बोर्ड चस्पा करवाएं व समस्याओं का वास्तविक निस्तारण किया जाए। किसी क्षेत्र, गांव या समूह विशेष की समस्याओं का विभाग अपने स्तर पर भी चिन्हीकरण करें जिससे आवश्यक स्तर पर समाधान करवाने के लिए प्रस्ताव भिजवाए जा सकें।

### समय पर पहुंचे कार्यालय, सफाई का रखे विशेष ध्यान

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि अधिकारी स्वयं समय पर कार्यालय पहुंचे। ऐसा होने पर कार्यालय स्टाफ खुद समय की पाबंदी को फोलो करेगा। उन्होंने सभी राजकीय कार्यालयों में नियमित साफ-सफाई के निर्देश दोहराते हुए कहा कि साफ-सफाई को लेकर सभी विशेष ध्यान देवें, रद्दी एवं अनुपयोगी सामान का नियमानुसार निस्तारण करें।

### समस्याओं को भी प्राथमिकता से देखें

संभागीय आयुक्त ने कहा कि अपने कार्मिकों की समस्याओं पर भी ध्यान दें तथा उन्हें व्यक्तिगत रूप से देखें। कार्मिकों के प्रति संवेदनशीलता रखने से भी उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों का उचित समय पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को समस्याओं से समय पर निजात मिल सके। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं जिला शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक पंचायत समिति में पांच प्राइमरी, पांच उच्च प्राथमिक तथा 5 बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालयों को मॉडल स्कूलों के रूप में विकसित किए जाने के लिए समन्वित कार्ययोजना बनाकर स्कूलों में शौचालय, पेयजल जैसी सुविधाओं को मॉडल रूप में विकसित करवाने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त सिंघवी ने सभी विभागों को विभागीय योजनाओं का एक विजन डोक्यूमेंट तैयार करने, विद्युत विभाग को विद्युत फीडरों का निर्माण कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण करवाने, शिक्षा विभाग को बच्चों की प्रार्थना सभा छाया में करवाने, विद्यालयों में साफ-सफाई रखने, परिवहन विभाग को ओवर लॉडिंग वाहनों की रोकथाम के लिए सघन अभियान नियमित रूप से चलाने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का चिन्हीकरण करने, सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़क के दोनों और कंटीली झाडियों की कटाई कराने, निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखने, खनिज विभाग को राजस्व वसूली शत-प्रतिशत करवाने, पशुपालन विभाग को मोबाईल पशु चिकित्सा यूनिट का एक रूट चार्ट तैयार कर जहां पशु चिकित्सा उपलब्ध नहीं हो, ऐसी जगह सप्ताह में एक-दो बार भिजवाने के निर्देश दिये ताकि ग्रामीणों को पशु चिकित्सा सुविधाएं मिल सके। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को शहर की मेजर सड़कों पर सफेद लाईनिंग करवाने के निर्देश दिये ताकि लोग सड़क पर वाहन नहीं खड़ा करें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद व जिला परिषद सहित सभी विभागों को वृक्षारोपण की कार्य योजना तैयार करने के साथ ही सड़कों के बीच में सौंदर्यकरण के लिए पौधारोपण करवाये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने संभागीय आयुक्त को विश्वास दिलवाया कि बैठक में दिये गये दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए उनकी मंशानुरूप सभी विभागीय अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करेंगे। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त पुरूषोत्तम शर्मा, पुलिस अधीक्षक सीकर भुवन भूषण यादव, सीईओ जिला परिषद सीकर नरेन्द्र सिंह पुरोहित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रणजीत सिंह, उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक भागीरथ शाख, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## डीजल बेचने के नाम पर लाखे रूपए की ठगी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिले के जीणमाता इलाके मे डीजल बेचने के नाम पर लाखो रूपए की ठगी का मामला सामने आया है। फेस बुक पर दोस्ती के बाद आरोपी ने क्रेशर संचालक को अपने झांसे में लिया लेकिन नकली डीजल भेजपा। अब क्रेशर संचालक ने पुलिस ने मामला दर्ज करवाया है। जीणमाता क्षेत्र के कांटिया गांव स्थित बालाजी स्टोन क्रेशर के ऑपरेटर रेखाराम ने पुलिस मे रिपोर्ट कर बताया कि 1 जनवरी 2024 को राजू नाम के आदमी से उनकी फेस बुक पर दोस्ती हुई थी। उसने रेखाराम मो कंजूमर पंप के बारे मे जानकरी दी। उसके साथ एक अन्य शख्स भी था, जिन्होने रेखाराम से कहा कि पोरबंदर से स्काई कंपनी का डीजल आता है जो हम आपको मार्केट से 8 रूपए कम मे दिलवाएगें। राजू ने ऑनलाईन पेमेंट के बारे मे बोला तो रेखाराम ने कहा कि हम आपको जानते ही नही। पहले डीजल लेकर आओ उसके बाद पैसे मिलेगे। 25 जनवरी 2024 को रेखाराम की मुलाकात जयुपर मे वैशाली नगर के इलाके में राजू से हुई। इसके बाद 13 फरवरी को वह वापस मिले। 25 फरवरी को क्रेशर पर 12 हजार लीटर आ गया। इसके बाद राजू ने रेखाराम से डीजल और पेट्राल पंप की एनओसी के नाम पर करीब 36 लाख अलग अलग खर्चे के लिए।

उन्होने अपनी गाड़िया, मशीन आदि मे डीजल डाला तो सभी के नोजल पंप इंजन और यूरिया सिस्टम पुरी तरह खराब हो गए क्योकि वह डीजल नकली था। इन सभी को ठीक करवाने मे भी करीब 6 लाख रूपए का खर्चा आया। फिर जब रेखाराम ने राजू की मिलने की बात कही तो पहले वह आजकल करता रहा। इसके बाद फोंन उठाना ही बंद कर दिया।

## लोन की किश्त नही चुकानी पड़े इसलिए दोस्त को मारा





खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिले के रानोली पुलिस थाना को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बीते दिनो रानोली नदी मे मिट्टी मे कंकाल दबा मिलने के मामले आरोपी को गिरफ़्तार किया है। जो मृतक का दोस्त है। आरोपी ने मृतक के नाम से 50 हजार रूपए का लोन ले रखा था। जिसकी किस्त आरोपी को चुकानी पड़ती। यह किश्त नही चुकानी पड़े इसलिए ही उसने अपने दोस्त को मार डाला।

गुरूवार को सीकर एसपी भूवन भूषण यादव ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 20 अप्रैल को रानोली नदी मे एक कंकाल मिला। इसके बाद कंकाल के कपड़े और ताबीज के आधार पर उसकी पहचान जगदीश प्रसाद निवासी रानोली के रूप मे हुई। जो 27 मार्च से लापता था। परिजनो ने इस संबंध में 12 अप्रैल को पुलिस मे मामला भी दर्ज करवाया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच में सामने आया कि मृतक जगदीश के नाम से उसके दोस्त नरेन्द्र सैन ने 50 हजार रूपए का लोन ले रखा था। जो नरेन्द्र को ही चुकाना था। लेकिन नरेन्द्र लोन की किश्त नही चुका रहा था। इसलिए लोन वाले जगदीश के घर आते। 27 मार्च को शाम के समय जगदीश अपने घर पर यह कह कर गया कि वह बाजार जा रहा है। लेकिन इसके बाद वह घर नही लौटा। उस दिन नरेन्द्र ने अपने दोस्त जगदीश को शराब पिलाने की बात कर कहकर गाड़ी मे बैठा लिया।

आरोपी नरेन्द्र सैन उम्र 31 वर्ष उसे अपने साथ अल्टो गाड़ी मे बैठाकर शराब पिलाने लगा। इसके बाद उसे आसपास के करीब 100 से 150 किलोमीटर एरिया मे धूमाकर लाया। जब जगदीश के नशा होने लगा तो आरोपी नरेन्द्र ने रास्ते मे पत्थर उठाया और गाड़ी मे रख लिया। इसके बाद जब वह रानोली नदी क्षेत्र की तरह पहुंचा तो वहां पत्थर से मारकर जगदीश के शव को मिट्टी मे दबा दिया। इसके बाद खुद एक होटल के बाहर आकर गाड़ी मे ही सो गया।

रानोली थानाधिकारी उमराव सिंह के अनुसार जब मृतक के परिजनो से पूछताछ की तो सामने आया कि उसके दोस्त नरेन्द्र ने मृतक जगदीश के नाम से लोन ले रखा था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र ने पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने 8-9 लोन ले रखे है। जिसमें एक 50 हजार का लोन मूतक जगदीश के नाम भी था। जिसकी किश्त नही चुकानी पड़े। इसलिए ही नरेन्द्र ने जगदीश को मार दिया। दोनो के बीच करीब 4-5 साल से दोस्ती थी। मृतक जगदीश ईट भट्टे पर काम करता था। जो कई बार काम के सिलसिले मे बाहर भी जाता। ऐसे मे उसका फोन लगातार बंद आने के बाद भी धरवालो ने ज्यादा चिंता नही की।

## प्रिंसिपल को जान से मारने की धमकी देकर मांगी रंगदारी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल के परिवार को जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। बदमाश ने विदेश से कॉल कर प्रिंसिपल को धमकी दी है। मामला सीकर के उधोगनगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस को दी रिपोर्ट में श्रवण कुमार निवासी सीकर ने बताया कि प्रिंसिपल के पास रात विदेश से मोबाइल पर फोन आया। बदमाश ने फोन कर कहा कि हम राजू ठेठ का मर्डर करवाने वाले बोल रहे है। तुमने बहुत पैसे कमा रखे है, हमे पैसे दे दो, हम तुम्हारी जान बख्श देगे। नही तो तुम्हे और तुम्हारे पूरे परिवार को खत्म करे देगे। जिसके बाद प्रिंसिपल ने घबरा कर फोन काट दिया। अगले दिन प्रिंसिपल ने अपने भाई प्रवीण कुमार व महादेव को घटना के बारे मे बताया। उन्होने बदमाश के पास फोन किया। बदमाश ने प्रवीण को कहा कि तुम्हारे भाई से पैसे दिलवा दो नही तो पूरे परिवार को जान से मार देगे। हम लोग विदेश मे बैठे है, हमारा पुलिस भी कुछ नही बिगाड़ सकती। धटना के बाद प्रिंसिपल उसका परिवार पूरा परिवार धबराया हुआ, धमकी देने वाले बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

## शिक्षाविद सांवर शर्मा की पुण्य तिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई, स्मृति ग्रंथ का होगा प्रकाशन व मूर्ति की होगी स्थापना



खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** बगड़िया बाल विद्या निकेतन के पूर्व प्राचार्य सचिव शिक्षाविद सांवर शर्मा भाईसाहब की गुरुवार को पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई। निकेतन प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओ ने शर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि गुरु का स्थान सर्वोपरी है। तथा गुरु शिष्य की परंपरा से हटकर बगड़िया स्कूल में परिवार जैसा माहौल बनया। गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु ही ऐसे होते जिसे अपने शिष्य से कोई स्वार्थ नहीं होता है। गुरु केवल देना जानता है लेना नही जानता है। वक्ताओं ने भाई साहब के बारे में बताया कि वो एक व्यक्ति नहीं बल्कि संस्था थे। उनके अधूरे कार्यो को पूर्ण करने की प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त उपनिदेशक रामनिवास शर्मा, ऋषिकुल स्कूल प्राचार्य डॉ रेखा शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलथाना के प्राचार्य मांगीलाल शर्मा, बगड़िया बाल विद्या निकेतन सचिव पवन गोयनका, बगड़यि बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ नरेश दाधीच, बगड़िया स्कूल प्राचार्य विपिन शर्मा, मांटेसरी प्रभारी निधि शर्मा, शिक्षाविद बालकृष्ण जोशी, अब्दुल हकीम, बलवीर सिंह, श्रीमहावीर सेवा समिति अध्यक्ष ललित भूत, सचिव अनिल मिश्रा, अनंतराम सैन, सुनील पारीक, प्रदीप दाधीच, श्रीचंद दानोदिया आदि मौजूद थे। संचालन शुभकरण शर्मा व ममता ध्यावड़ा के नेतृत्व में रौनक बुडानिया व अदिति बजाज ने किया आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित निकेतन के पुरातन छात्रों ने निर्णय किया कि आगामी 5 जुलाई को भाई साहब के जन्मदिवस पर बगड़िया स्कूल प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर सांवर शर्मा की निकेतन परिसर में मूर्ति लगाई जाएगी तथा स्मृति ग्रंथ प्रकाशित किया जाएगा। जिसके लिए समिति का गठन किया गया। स्मृति ग्रंथ में भाई साहब से जुड़े व्यक्तियों के विचार व संस्मरण प्रकाशित किये जाऐंगे।

## जेईई मेन सीजन-2 का परीक्षा परिणाम घोषित

**सीकर।** NTA ने आज JEE-Main session-2 का परीक्षा परिणाम घोषित किया। मैट्रिक्स ने अपने शानदार परिणाम देने की परंपरा को कायम रखते हुए इस परिणाम में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। मैट्रिक्स के 219 विध्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर प्राप्त कर अविश्वसनीय और विराट परिणाम दिया है।

छात्र दीपक ने 99.98 परसेंटाइल पाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया वहीं हर्ष लाम्बा ने 99.97, अक्षय ने 99.96, हर्ष बिरडा ने 99.94, प्रिंस ने 99.93, लवराज बिरडा ने 99.91 व रितेश ने 99.90 परसेंटाइल प्राप्त कर शानदार सफलता पायी है। मैट्रिक्स के निदेशक अनिल गोरा ने बताया कि 27 छात्रों ने 99.80, 86 छात्रों ने 99.50 व 219 छात्रों ने 99.00 परसेंटाइल से ऊपर प्राप्त किए हैं जो स्वयं में एक कीर्तिमान है। गौरतलब है की इनमें से अधिकांश छात्रों ने ये सफलता 12th के साथ प्राप्त की है।

## विश्व मलेरिया दिवस पर आमजन को किया जागरूक

### - चिकित्सा विभाग की ओर से की गई गतिविधियां



खबरों की दुनिया

**सीकर।** चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की ओर से विश्व मलेरिया दिवस पर जिलेभर में जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके तहत शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को मलेरिया के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी गई।

सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से जिलेभर में विश्व मलेरिया दिवस पर कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा शिक्षण संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों व शिक्षकों को मच्छरों के बारे में जानकारी देते हुए मलेरिया रोग के बारे में जागरूक किया। साथ ही लार्वा का प्रदर्शन कर उनको मच्छरों की रोकथाम संबंधी गतिविधियां की जानकारी दी गई।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ अशोक कुमार महरिया ने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग की ओर से स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम घर घर सर्वे करवाया जा रहा है। साथ ही बुखार से पीडित पाए जाने वाले रोगियों की ब्लड स्लाइड भी ली जा रही है। मलेरिया क्रेश कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 19 अंक » 261

टोंक » शुक्रवार » 26 अप्रैल, 2024

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

दैनिक

# खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर, और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

संपादकीय

खबरों की दुनिया

गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा का फोन टेपिंग बम फुस्स

## सियासी संकट में अशोक गहलोत ने कराई थी फोन टेपिंग...

**समय निकल जाने** के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने दूसरे चरण के चुनावों से पहले अशोक गहलोत के खिलाफ भंयकर बम विस्फोट का असफल प्रयास किया। लोकेश शर्मा चाहते थे की लोकसभा की बाकी बची 13 सीटों में कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल पाये। विशेषकर अशोक गहलोत के बेटे वैभव सिरोही-जालोर सीट से जीत नहीं पाये। अचानक अपने निवास पर प्रेस कान्फ्रेस कर सन् 2020 में जब गहलोत सरकार गिराने की नौबत आई थी उस समय के घटनाक्रम का सिलसिले वार विवरण दिया जिसका पूरा डाटा जनता के पास पहले से ही था लोकेश ने कोई नई बात नहीं बताई।



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

### मैंने जिसे अपना राजनीतिक गुरू मानता था, वे धोखेबाज निकले

गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा केवल फोन टेपिंग की बात तक ही नहीं रूके बल्कि गहलोत पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने से भी नहीं चूके। लोकेश ने कहा कि मैं गहलोत को अपना राजनीतिक गुरू मानता था लेकिन जिसे मैं महान समझता था वे तो धोखे बाज निकले फोन टेपिंग के मामले मे मुझे फंसा कर स्वंय भाग खड़े हुये। मेरे मार्फत केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिहं शेखावत व सचिन पायलट को फसांने की साजिश रची गई। मुझे गहलोत ने काल डिटेल की एक लिस्ट दी जिसकी जांच का निर्देश दिया तथा फोन टेपिंग की आवाज मीडिया तक पहुंचाने का निर्देश भी दिया इस प्रकार के आरोप शर्मा ने प्रेस कान्फ्रेंस में लगाये।




### गहलोत के माध्यम से लोकेश शर्मा चाहते थे विधानसभा का टिकट

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खास ओएसडी आज इतने पक्के दुश्मन कैसे हो गए लोकेश शर्मा एक महत्वांक्षी व्यक्ति थे वे गहलोत के ओएसडी के साथ-साथ विधानसभा का बीकानेर से टिकिट भी चाहते थे। लोकेश शर्मा ने बीकानेर के कई चक्कर लगाकर अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश भी कि लेकिन गहलोत अपने खास रहे बीडी कल्ला का टिकिट काट कर किसी भी सूरत में लोकेश शर्मा को टिकिट नहीं देना चाहते थे। बीकानेर के बाद जालोर-सिरोही से टिकिट की दावेदारी चलाई लेकिन वह भी फैल हो गई। अब तीन चार वर्ष पुराने फोन टेपिंग के मामले को हवा देकर गहलोत को फसाना चाहते हैं।

### गहलोत का तो कुछ नहीं बिगड़ेगा लेकिन शर्मा फंस जायेंगे

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी प्रेस कान्फ्रेंस से अशोक गहलोत का तो कुछ नहीं बिगाड़ पायेंगे लेकिन स्वंय एसओजी के तथा सीबीआई के जाल में जरूर फंस जायेंगे। जिसे वर्तमान सरकार भी कुछ नहीं बिगाड़ पायेगी। ऐसी ओछी हरकतो से भविष्य में किसी भी दल की राजनीति मे भी प्रवेश नहीं पर पायेंगे। जब अवसर निकल गया तो झूठा बम फोड़ने से क्या मतलब । राजेन्द्र गुढ़ा भी आचार संहिता समाप्त होने के बाद गहलोत के खिलाफ लाल डायरी के पन्ने खोलने जा रहे है यह सार्वजनिक है कि गहलोत अब भविष्य में मुख्यमंत्री के काबिल दावेदार नहीं बनेंगे फिर न जाने क्यों पीछे पड़े हैं। जो कुछ हो शर्मा ने प्रधानमंत्री को प्रचार में गहलोत सरकार का पेपर आऊट हो गया ये बोलने का मौका अवश्य दे दिया हैं।

मुरैना में बोले पीएम- मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा

# इंदिरा की प्रॉपर्टी बचाने के लिए राजीव ने कानून बदला, राहुल फिर लाना चाहते हैंः मोदी

एजेन्सी

**मुरैना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुरैना के पुलिस परेड ग्राउंड में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में सभा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कांग्रेस के शहजादे को देश के प्रधानमंत्री को भला-बुरा कहने में मजा आता है। मैं टीवी और सोशल मीडिया पर देख रहा हूं कि इससे लोग दुखी हो जाते हैं। मैं कहता हूं, दुखी न हों क्योंकि नामदार तो कामदार को हमेशा भला-बुरा कहते आये हैं।

देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।

आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है।




### इन नामदारों से कुछ मत कहो, हम कामदार सहन करेंगे

कांग्रेस के शहजादे को मोदी के लिए भला-बुरा कहने में मजा आ रहा है। सोशल मीडिया और टीवी पर लोग चिंता जताते हैं कि ऐसी भाषा पीएम के लिए बोलना ठीक नहीं है। मेरी विनती है आप दुखी मत होइए, आपको पता है, वे नामदार हैं, हम तो कामदार हैं। नामदार तो कामदार को सदियों से ऐसे ही गाली-गलौज करते आए हैं। मैं तो गरीबी से निकला हूं, पांच-पचास गालियां पड़ जाएंगी तो पड़ जाएंगी।

### एक गोली आती है तो 10 गोली चल जानी चाहिए...

कांग्रेस की पॉलिसी है जो देश के लिए सबसे ज्यादा योगदान करे, मेहनत करे, सबसे ज्यादा समर्पण करे उसे सबसे पीछे रखो। इसलिए कांग्रेस ने इतने वर्षों तक सेना के जवानों की वन रैंक वन पेंशन जैसी मांग पूरी नहीं होने दी। हमने सरकार बनते ही इसे लागू किया। हमने सीमा पर खड़े जवानों की भी चिंता की। कांग्रेस ने जवानों के हाथ बांध रखे थे, हमने उन्हें खुली छूट दे दी। अगर एक गोली आती है, 10 गोली चलनी चाहिए। अगर एक गोला फेंकते हैं तो 10 तोपें चल जानी चाहिए।

### कांग्रेस सरकार में आई तो इंहेरिटेंस टैक्स लगाएगी

कांग्रेस सरकार में आई तो इंहेरिटेंस टैक्स लगाएगी। आज पहली बार देश के सामने एक दिलचस्प तथ्य रख रहा हूं। जब देश की पीएम बहन इंदिराजी नहीं रहीं तो उनकी प्रॉपर्टी जो उनकी संतानों को मिलनी थी, लेकिन पहले कानून था कि उनको मिलने से पहले एक हिस्सा सरकार ले लेती थी। तब चर्चा थी कि जब इंदिराजी नहीं रहीं और उनके बेटे राजीव को ये प्रॉपर्टी मिलनी थी तो प्रॉपर्टी को बचाने के लिए उस समय के पीएम राजीव गांधी ने पहले के इंहेरिटेंस कानून को समाप्त किया। वहां मामला निपट गया तो फिर सत्ता पाने के लिए ये लोग वही कानून ज्यादा कड़ाई से वापस लाना चाहते हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा

## स्त्रीधन पर पति का कंट्रोल नहीं

यह महिला की पूर्ण संपत्ति, उसे अपनी मर्जी से खर्च करने का हक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने स्त्रीधन (विवाह के समय मिले गहने और अन्य सामान) पर उनके अधिकार को लेकर गुरुवार को बड़ा फैसला बनाया। कोर्ट ने साफ कहा कि महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति है। उसे अपनी मर्जी से खर्च करने का पूरा अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा पत्नी के स्त्रीधन पर पति का कंट्रोल नहीं हो सकता। पति मुसीबत के समय स्त्रीधन का इस्तेमाल तो कर सकता है, लेकिन बाद में उसे लौटान उसका नैतिक दायित्व है। कोर्ट ने यह फैसला एक व्यक्ति को उसकी पत्नी के खोए हुए गोल्ड के बदले में 25 लाख रुपए देने का निर्देश देते हुए सुनाया।

## पीएम मोदी-राहुल के चुनावी भाषणों पर चुनाव आयोग का नोटिस

### भाषण में नफरत फैलाने का आरोप, भाजपा-कांग्रेस पार्टी के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा

**नईदिल्ली(एजेन्सी)** चुनाव आयोग ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के भाषणों पर नोटिस जारी किया।

यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 के सेक्शन 77 के तहत इश्यू किया गया है। चुनाव आयोग के पोल पैनल ने कांग्रेस और भाजपा की एक-दूसरे के खिलाफ की गई शिकायतों के आधार पर नोटिस जारी किया है।

यह पहली बार है जब आयोग ने स्टार प्रचारक की जगह पार्टी अध्यक्षों को नोटिस जारी किया है।

पीएम मोदी भाजपा और राहुल गांधी कांग्रेस के स्टार प्रचारक हैं। इस लिहाज से इनके भाषणों के लिए चुनाव आयोग ने पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार माना है।

आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है।

चुनाव आयोग से पीएम मोदी और राहुल गांधी के भाषण में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई थी।

शिकायत में कहा गया कि ये नेता धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

लोकेश शर्मा के आरोपों पर बोले अशोक गहलोत

## मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्या खुलासे किए हैं, मैं ऐसी बातों में नहीं पड़ता

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने ओएसडी लोकेश शर्मा के आरोपों पर कहा कि, मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्या खुलासे किए हैं, मैं ऐसी बातों में नहीं पड़ता। देश में ऐसा माहौल है कि कौन कब पार्टी छोड़ेगा और बीजेपी में शामिल हो जाएगा। इसलिए किसी को इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए कि कौन क्या कहता है, बल्कि यह देखें कि सच्चाई क्या है। बता दें कि, पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा के बुधवार को प्रेसवार्ता की थी। लोकेश शर्मा ने प्रेसवार्ता में आरोप लगाए थे कि अशोक गहलोत ने ही उन्हें पेन ड्राइव में रिकॉर्डिंग मीडिया में वायरल करने को दी थी। सोशल मीडिया से नहीं मिले थे। एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में विधायकों के खरीद-फरोख्त की बात कही गई थी।



लोकेश शर्मा ने कहा था कि मानेसर बाड़ेबंदी में सचिन पायलट व उनके सभी 18 सहयोगी विधायकों व गहलोत सरकार के मंत्रियों व अन्य विधायकों के फोन सर्विलांस पर थे। गहलोत यह साजिश रच रहे थे कि पायलट गुट के लिए सचिन पायलट और उनके गुट को बदनाम किया जाए ताकि उनकी कुर्सी बची रहे। लोकेश शर्मा ने यह भी कहा था कि उस वक्त के अफसर डीजपी, गृहविभाग के अफसरों को फोन टैपिंगकांड की पूरी जानकारी थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की छवि खराब करने के लिए संजीवीनी क्रेडिट सोसायटी को मुद्दा बनाने के लिए सीएमआर में साजिशें होती रही।

## जयपुर में अचानक सड़क पर हुआ 20 फीट गहरा गड्ढा

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर में गुरुवार को अचानक सड़क धंस धंस गई। इस वजह से गोपालपुरा बाईपास पर गुर्जर की थड़ी अंडर पास के नजदीक सड़क पर 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया। अचानक हुई इस घटना के बाद लोगों ने जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की टीम को सूचना दी। कुछ देर बाद टीम मौके पर पहुंची। सड़क पर ट्रैफिक को बंद कर दिया गया। इसके बाद गड्ढे को सही करने का काम शुरू कर दिया गया। इस दौरान किसी भी तरह की जनहानी नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार इस सड़क पर यह पहली बार नहीं हुआ। इससे पहले भी गहरा गड्ढा हो चुका है। लेकिन जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि इस सड़क पर हर दिन हजारों की संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है। बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स भी इसी सड़क से पैदल पढ़ने जाते हैं।

## राजस्थान कैडर के दो आईएएस की चुनाव ड्यूटी कैंसिल: 6आईएएस के लिए की थी अनुशंसा

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** चुनाव आयोग ने राजस्थान कैडर के करीब 50 आईएएस अफसरों की चुनाव ड्यूटी विभिन्न राज्यों में लगा रखी है, लेकिन हाल ही में 2 आईएएस की ड्यूटी कैंसिल कर दी गई। कुल 6 अफसरों के लिए अनुशंसा भेजी गई थी। जिन दो आईएएस अफसरों की ड्यूटी कैंसिल की गई, वे हैं अजिताभ शर्मा और डॉ. समित शर्मा। ब्यूरोक्रेसी में यह सामान्य घटना नहीं मानी जा रही है, क्योंकि आमतौर पर चुनाव आयोग एक बार ड्यूटी लगा देता है तो उसे कैंसिल करने के मामले बहुत ही कम होते हैं।



## उज्जैन में पायलट तो इंदौर में सीएम मोहन यादव ने भाजपा-कांग्रेस को लेकर किए एक दूसरे पर हमले

लोकसभा चुनाव 2024

## तेलंगाना में मुस्लिमों का आरक्षण खत्म करेगी भाजपा : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भाजपा तेलंगाना में मुस्लिमों का आरक्षण खत्म कर देगी। एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण लाया जाएगा। शाह सिद्दीपेट में मेडक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एम रघुनंदन राव के लिए चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा- कांग्रेस ने तेलंगाना में सरकार बनते ही राज्य को दिल्ली का एटीएम बना दिया है। बीआरएस और कांग्रेस मिली हुई है। दोनों पार्टियां तेलंगाना लिबरेशन डे नहीं मनाते, क्योंकि वे मजलिस से डरते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पिछले महीने कहा था कि कांग्रेस सरकार मुस्लिमों को शिक्षा-रोजगार में 4 प्रतिशत आरक्षण जारी रखेगी। दूसरी तरफ, पीएम नरेंद्र मोदी आगरा में कहा-कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का ठप्पा लगा है। कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू कर दिया है। ठान लिया है कि धर्म के आधार पर रिजर्वेशन लाकर रहेगी।



देश में बदलाव का माहौल है

## वही वादे और आश्वासन से लोग ऊब गए हैंः पायलट



एजेंसी

**उज्जैन।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर पहुंच गया है। कांग्रेस और बीजेपी ने एक-दूसरे पर हमले तेज कर दिए हैं। उज्जैन में सचिन पायलट ने कहा- भाजपा नेताओं को 'म-म' शब्द का खेल करने का बहुत शौक है। ये बात करते हैं मुसलमान-हिंदू की, मंदिर-मस्जिद की, मंगलसूत्र की।

सचिन पायलट गुरुवार को उज्जैन में कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा- देश में बदलाव का माहौल है। वही वादे और आश्वासन से लोग ऊब गए हैं। पहले चरण के चुनाव के बाद भाजपा के नेताओं के भाषण में बौखलाहट और गुस्सा दिखाई दे रहा है।

### भाजपा को 400 सांसद क्यों चाहिए? अब खंडन कर रहे

पायलट ने कहा, सरकार बनाने के लिए 272 सांसद चाहिए होते हैं। भाजपा को 400 सांसद क्यों चाहिए? कहीं न कहीं इनके जेहन में ये बात है, जो खुद इनके नेता बोलते हैं और आज मजबूरन भाजपा के शीर्ष नेताओं को खुले मंच से खंडन करना पड़ रहा है कि हम संविधान से छेड़छाड़ नहीं करेंगे, हम आरक्षण से छेड़छाड़ नहीं करेंगे। आपको खंडन की नौबत ही क्यों पड़ी है? 400 पार तो 1984 में राजीव गांधी के सांसद आए थे, कभी उन्होंने बोला कि विपक्ष खत्म कर दूंगा।

कांग्रेस को सीएम डॉ. मोहन यादव का चैलेंज

## कांग्रेस में दम है तो वो खुद 500 पार का नारा लगाए

एजेंसी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस को बड़ा चैलेंज दिया है। उन्होंने इंदौर में कहा कि कांग्रेस में दम है तो वो खुद 500 पार का नारा लगाए। सीएम ने कहा- हम अपने दम पर कह रहे हैं कि अबकी बार 400 पार। कांग्रेस को इस पर आपत्ति है। सीएम ने कहा- पूरे देश ने संकल्प लिया है, अबकी बार 400 पार। ये कहते हैं 400 का आंकड़ा क्यों लाए? हमने 2014 में भी कहा था और कर के दिखाया। जब हमने 2019 में कहा 300 पार कहा तो वह करके दिखाया। इसलिए अबकी बार पूरे देश का मिजाज देखकर हमारी पार्टी ने, मोदी जी ने तय किया हम हमारे सारे मित्रों के साथ मिलकर 400 पार जाएंगे। अरे, आप में दम हो तो बोलो कि कांग्रेस 500 पार जाएंगी



### कांग्रेस ने चुनाव से पहले हार मान ली

सीएम ने कहा- मध्यप्रदेश में जब हम कहते हैं सभी 29 सीटें जीतेंगे तो भी कांग्रेस के नेता कह रहे हैं हम 12 जीतेंगे। इसका मतलब कांग्रेस ने चुनाव के पहले ही हार मान ली। और जो चुनाव के पहले ही हार मान लेता है वो खेलने लायक नहीं रहता है। सीएम डॉ. मोहन यादव गुरुवार को इंदौर दौरे पर रहे। उन्होंने इंदौर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी शंकर लालवानी का नामांकन पत्र दाखिल कराया। इससे पहले जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में पीएम मोदी के नाम की आंधी चल रही है। विपक्षी उनके सामने पत्ते की तरह उड़ रहे हैं।

# कांग्रेस के लिए एक नई मुसीबत बने कांग्रेस के सलाहकार सैम पित्रोदा



अशोक भाटिया
स्वतन्त्र पत्रकार

प्रधानमंत्री मोदी इस चुनावी रण में रोजाना कांग्रेस की कोई न कोई गलती पकड़ कर अपने शब्दों के बाण से कांग्रेस पर हमला कर देते है पर कांग्रेस है कि उन्हें कोई न कोई मौका देती रहती है।

सैम पित्रोदा वो नाम है, जो अक्सर ही अपने बयानों से कांग्रेस पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर देते हैं। पित्रोदा ने इस बार इन्हेरिटेंस टैक्स यानी विरासत टैक्स की वकालत कर सियासी हलचल बढ़ा दी है। उन्होंने विरासत टैक्स के बारे में बात करते हुए इसे बेहद ही रोचक कानून बताया है। 13 राज्यों में 89 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान होना है और ऐसे वक्त में वोटिंग से ठीक पहले इस तरह के बयान को भाजपा की तरफ से लपक लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर अमित शाह तक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं।

पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। पार्टी का कहना है कि अगर कांग्रेस इस टैक्स सिस्टम को लाती है तो ये व्यापारियों के लिए ठीक नहीं होगा। अमेरिका के विरासत कानून का जिक्र करते हुए पित्रोदा ने कहा कि भारत में भी इस तरह की नीति पर चर्चा करनी चाहिए। इस बयान का कांग्रेस के प्रवक्ता व उत्तर पश्चिम दिल्ली से कांग्रेस उदित राज ने भी समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का सुझाव अच्छा है। मैं कांग्रेस का प्रवक्ता हूं। मेरा बयान कांग्रेस का बयान माना जाएगा।

विरासत टैक्स को समझाते हुए सैम पित्रोदा ने कहा कि अमेरिका में अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और वह मर जाता है। ऐसी स्थिति में 45 फीसदी संपत्ति उसके बच्चों को मिलती है, जबकि 55 फीसदी जनता के लिए सरकार के पास चली जाती है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है। यहां किसी के मरने पर उसकी पूरी संपत्ति बच्चों को मिल जाती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आखिर सैम पित्रोदा कौन हैं और उनका अमेरिका से क्या कनेक्शन है।

भारत में संचार क्रांति का जनक भले ही राजीव गांधी और उनके सिपहसलार सैम पित्रोदा को माना जाता है। राजीव गांधी के दिमाग में भारत को सूचना प्रोद्योगिकी, इंटरनेट की दुनिया से जोड़ने का जुनून सवार था। राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर और संचार साधनों की नींव रखी। पित्रोदा कांग्रेस पार्टी की विदेशी शाखा, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस को लीड करते हैं। भारत के साथ/भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रवासी भारतीयों को प्रोत्साहित करने, संलग्न करने, संगठित करने और सशक्त बनाने के लिए इसका गठन किया गया। सैम पित्रोदा की निजी वेबसाइट उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित दूरसंचार उद्यमी, निवेशक, विकास विचारक और नीति निर्माता के रूप में वर्णित किया है। वेबसाइट के मुताबिक, उन्होंने आईटी सेक्टर में 50 साल बिताए हैं। पित्रोदा ने तीन प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह के साथ काम किया है।

राजीव गांधी के नेतृत्व में पित्रोदा छह प्रौद्योगिकी मिशन (दूरसंचार, जल, साक्षरता, टीकाकरण, डेयरी उत्पादन और तेल बीज) का नेतृत्व किया। वर्तमान में वो राजीव के बेटे और इंदिरा के पोते पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी के साथ मिलकर काम करते हैं। 81 वर्षीय पित्रोदा पांच गैर सरकारी संगठनों के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं, जिनमें इंडिया फूड बैंक, ग्लोबल नॉलेज इनिशिएटिव और इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसडिसिप्लिनरी हेल्थ शामिल हैं। अपनी पत्नी के साथ शिकागो के निवासी, उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका में कई कंपनियां भी शुरू कीं।

साल 2019 में लोकसभा चुनाव के बीच सैम पित्रोदा का 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर दिया एक बयान पार्टी के लिए मुसीबत बन गई थी। एएनआई को दिए एक बयान में पित्रोदा ने कहा था कि मैं इसके बारे में नहीं सोचता, यह भी एक और झूठ है। 1984 की बारे में अब क्या? आपने पिछले 5 साल में क्या किया। 84 में हुआ तो हुआ। आपने क्या किया?

सैम पित्रोदा का जन्म 1942 में ओडिशा के तितिलागढ़ में हुआ। उनका पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। कांग्रेस नेता का परिवार गुजरात से आता है। यही वजह है कि उन्हें पढ़ने के लिए गुजरात के एक बोर्डिंग स्कूल में भेज दिया गया था। यहां से पढ़ाई करने के बाद उन्होंने वड़ोदरा की महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से फिजिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में ग्रेजुएशन किया। परिवार ने उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए 60 के दशक में अमेरिका भेज दिया, जहां से उन्होंने मास्टर्स किया।

अमेरिका के इलिनोइस राज्य के शिकागो शहर में इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मौजूद है, जहां से 1964 में सैम पित्रोदा ने फिजिक्स में मास्टर्स किया। पित्रोदा को गांधी परिवार के करीबी लोगों में से एक माना जाता है। वर्तमान में वह इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। पित्रोदा की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, वह शिकागो में अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। कांग्रेस नेता अपने बयानों की वजह से हमेशा ही सुर्खियों में रहे हैं।

सैम पित्रोदा ने अमेरिका में पढ़ाई पूरी करने के बाद 1965 में टेलीकॉम इंडस्ट्री में हाथ आजमाया। अपने पहले पेटेंट के तौर पर 1975 में उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक डायरी का आविष्कार किया। गांधीवादी विचारधारा को मानने वाले परिवार से आने वाले पित्रोदा की कांग्रेस से भी काफी नजदीकियां रहीं। अमेरिका में रहने के दौरान पित्रोदा को वहां की नागरिकता भी मिल गई थी। हालांकि, फिर 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर वह अमेरिका से भारत लौट आए।

भारत आने पर सैम पित्रोदा अमेरिकी नागरिकता त्याग कर एक बार फिर से भारतीय बन गए। 1984 में उन्होंने सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स नाम की टेलीकॉम संस्था की शुरुआत की। हालांकि, उसी साल इंदिरा की हत्या हो गई और राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने। राजीव ने पित्रोदा को अपना सलाहकार बनाया। भारत में इंफोर्मेशन इंडस्ट्री में बदलाव के लिए दोनों मिलकर काम किया। राजीव ने उन्हें टेलीकॉम, वाटर, शिक्षा जैसे छह टेक्नोलॉजी मिशन का हेड बनाया था।

हालांकि, राजीव गांधी की हत्या और कई वर्षों तक भारत में काम करने के बाद सैम पित्रोदा एक बार फिर से अमेरिका लौट गए। 1990 में वह फिर से अमेरिका चले गए। उन्होंने एक बार फिर से शिकागो से अपने काम की शुरुआत की और कई कंपनियों को लॉन्च किया। 1995 में सैम पित्रोदा को इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन WorldTel इनिशिएटिव का पहना चेयरमैन बनाया गया। हालांकि, लगभग डेढ़ दशक बाद फिर से उनकी भारत वापसी हुई।

गौरतलब है कि 2004 के चुनाव में मिली जीत के बाद कांग्रेस की अगुवाई में यूपीए सरकार का गठन किया गया।

मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने सैम पित्रोदा को फिर से भारत आने का न्योता दिया और इस तरह उनकी वतन वापसी हुई। भारत आने पर मनमोहन सिंह ने उन्हें नेशनल नॉलेज कमीशन का अध्यक्ष बनाया। वह इस पद पर 2005 से 2009 तक बने रहे।

वहीं, जब 2009 में जब यूपीए सरकार की फिर से वापसी हुई, तो इस बार सैम पित्रोदा को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का सलाहकार बनाया गया। इस तरह उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी मिल गया।

पित्रोदा की वेबसाइट के मुताबिक, उनके पास लगभग 20 मानद पीएचडी और लगभग 100 विश्वव्यापी पेटेंट हैं। उन्होंने पांच किताबें और कई पेपर प्रकाशित किए हैं।

भाजपा द्वारा मुद्दा बनाए जाने के बाद कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के इनहेरिटेंस टैक्स वाले बयान से खुद को अलग कर लिया और इसे उनका निजी विचार बता रही है। जो आदमी इतने समय से लेकर कांग्रेस के हर बड़े नेता के साथ जुड़ा रहा हो उसके ये विचार निजी कैसे हो सकते है ।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# भारत अमेरिका सहित अनेक देश राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यूजर डाटा तक चीन की पहुंच को रोकने, टिकटॉक पर बैन उचित कदम



एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी




वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में अभूतपूर्व तेजी से बढ़ते हुए डिजिटाइजेशन व बढ़ती प्रौद्योगिकी से दुनियां तो मुट्ठी में आ रही है,परंतु साथ ही अनेक देशों में उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता को भी बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मानवीय मस्तिष्क अब तकनीकी के सहारे किसी एप्स के सहारे घर बैठे बैठे ऐसी तकनीकी पावर का सहारा लेकर दुनियां के हर उस व्यक्ति की पर्सनल डाटा जानकारी प्राप्त कर लेता है जो उसकी एप्स उपयोग करने के दायरे में आता है,स्वाभाविक है कि कई ऐसी जानकारीयां होती है जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण होती है परंतु दुश्मन या खारखाए बैठा देश सुरक्षा क्षेत्र से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारीयां उस एप के सहारे आसानी से हासिल कर सकता है, इसलिए ही भारत ने 2020 में 59 एप्स पर बैन लगाया था जिसमें टिकटॉक भी शामिल था उसे समय अमेरिका ने भी भारत की तारीफ की थी, जबकि अब वही बात घूम फिरकर अमेरिका पर आ गई है, जो 2020 से ही इस विषय पर कार्य कर रहा था और अमेरिकी सीनेट ने विधेयक पारित कर दियाथा जो 6 माह के अंदर टिकटॉक को उसके चीनी मालिक द्वारा बेचना पड़ेगा लेकिन अब दिनांक 23 अप्रैल 2024 को अमेरिकी सीनेट ने एक ऐतिहासिक विधेयक पारित किया है जिसमें 6 माह से बढ़कर 9 माह कर दिया गया है। अब शीघ्र रही टिकटॉक पर बैन लगने की संभावना है। यानें कंपनी को टिकटॉकका स्वामित्व हस्तांतरित करना ही होगा। उधर चीन ने इस विधेयक को कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान आया है कि विधेयक उसके हाथ में आते ही वह हस्ताक्षर कर देंगे और वह कानून बन जाएगा। चूंकि भारत के बाद अब अमेरिका ने भी चीन को जोरदार झटका दिया है और टिकटॉक पर बैन लगना लगभग तय हो गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत अमेरिका सहित अनेक देश राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यूजर डाटा तक चीन की पहुंच को रोकने टिकटॉक पर बैन लगाना उचित कदम है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी सीनेट द्वारा 23 अप्रैल 2024 को एक विधेयक पारित करने की करें तो,अमेरिकी संसद के सीनेट में मंगलवार को एक विधेयक पारित किया गया जो प्रतिबंध लगाने की धमकी के साथ टिकटॉक की बिक्री के लिए इसका स्वामित्व रखने वाली चीनी कंपनी को मजबूर कर देगा। इस विधेयक को हस्ताक्षर के लिए अब राष्ट्रपति जो बाइडन के पास भेजा गया है। टिकटॉक से जुड़े विधेयक को 95 अरब अमेरिकी डॉलर के उस बड़े पैकेज के हिस्से के रूप में शामिल किया गया था जो यूक्रेन और इजराइल को विदेशी सहायता प्रदान करता है और इसे 79-18 के अंतर से पारित किया गया। सांसदों द्वारा पिछले सप्ताह टिकटॉक विधेयक को उच्च प्राथमिकता वाले पैकेज में संलग्न करने का निर्णय लिया गया जिससे कांग्रेस में इसे तेजी से पारित कराने में मदद मिली।

इस विधेयक को सीनेट से बातचीत के बाद लाया गया जहां इसके पूर्व संस्करण को बाधित कर दिया गया था। पुराने संस्करण में टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस को इस मंच में अपनी हिस्सेदारी को बेचने के लिए छह महीने का समय दिया गया था। लेकिन इसको लेकर कुछ प्रमुख सांसदों ने संदेह जताया था कि एक जटिल सौदे के लिहाज से छह महीने का समय बहुत कम है। इस सौदे का मूल्य अरबों डॉलर हो सकता है।

इस विधेयक के पारित होने के तुरंत बाद एक बयान जारी करके बाइडन ने कहा कि वह इस पर बुधवार को हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिकी सांसदों के इस विवादास्पद कदम को जहां कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, वहीं इससे सामग्री का सृजन करने (कंटेंट क्रिएटर) वाले उन लोगों के परेशानियां पैदा होने की आशंका है जो आमदनी के लिए इस शॉर्ट-फॉर्म वीडियो ऐप पर निर्भर हैं। डील के लिए 9 महीने का टाइमलाइन दिया जाएगा।

डील आगे बढ़ती है तो 90 दिन का एक्स्ट्रा समय दिया जाएगा। वहीं,अगर बाइट डांस इस टाइमफ्रेम में टिकटॉक को यूएस खरीदार को नहीं बेच पाती है तो टिकटॉक का इस्तेमाल अमेरिका में पूरी तरह से बंद हो जाएगा।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा टिकटॉक पर बैन के कारणों की करें तो, अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी लंबे समय से टिक-टॉक को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानती रही है।

अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी का दावा है कि बाइटडांस टिकटॉक के अमेरिकी यूजर्स का डाटा चीन के साथ साझा करती है, जिससे उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को बड़ा खतरा है, लेकिन बाइटडांस हमेशा से इन आरोपों गलत बताती रही है।बीते दिन पारित किए गए विधेयक में भी टिक-टॉक को चीन के साथ संबंधों के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। दरअसल, इस विधायी कार्रवाई के पीछे की वजह टिकटॉक के चीनी स्वामित्व और बीजिंग में सत्तावादी सरकार की अमेरिकी यूजर डेटा तक पहुंच है।

अमेरिका में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यूजर डेटा तक चीन की पहुंच को रोकने के लिए सरकार यह कदम उठा रही है। वहीं, दूसरी ओर टिकटॉक का कहना है कि कंपनी ने कभी भी चीनी अधिकारियों के साथ अमेरिका के यूजर्स का डेटा शेयर नहीं किया है।

अब यह विधेयक अमेरिकी राष्ट्रपति को सौंपा गया है, जिन्होंने कहा है कि जैसे ही यह उनके पास पहुंचेगा, वे इस पर हस्ताक्षर करके इसे कानून बना देंगेअगर अमेरिकाबाइटडांस को टिक-टॉक बेचने के लिए मजबूर करने में सफल हो जाता है, तो भी किसी भी सौदे के लिए चीनी अधिकारियों की मंजूरी की आवश्यकता होगी विश्लेषकों का कहना है कि इस प्रक्रिया में सालों लग सकते हैं,क्योंकि चीनी अधिकारी जल्दी तैयार नहीं होंगे।

साथियों बात अगर हम मुद्दे पर चीन की प्रतिक्रिया और चीन के विरोध में उतरने की करें तो, टिकटॉक से मंगलवार रात को प्रतिक्रिया मांगी गई, लेकिन उसने तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। विधेयक का पारित होना चीनी खतरों और टिकटॉक के स्वामित्व को लेकर वाशिंगटन में लंबे समय से चली आ रही आशंकाओं का नतीजा है। अमेरिका में टिकटॉक का 17.0 करोड़ लोगों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है।

अमेरिकी सांसद और प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लंबे समय से चिंता व्यक्त की जा रही है कि चीनी अधिकारी बाइटडांस को अमेरिकी उपयोगकर्ताओं का डेटा सौंपने के लिए मजबूर कर सकते हैं, या टिकटॉक पर कुछ सामग्री को दबाकर या बढ़ावा देकर अमेरिकियों को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, अमेरिका का राष्ट्रपति बनने की दौड़ में फिर से शामिल डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह संभावित प्रतिबंध का विरोध करते हैं।चीन पहले ही कह चुका है कि वह टिकटॉक की जबरन बिक्री का विरोध करेगा और वह इस विधेयक को रोकने के लिए मुकदमा दायर करने की तैयारीमें जुटाहै।

साथियों बात अगर हम 2020 में भारत द्वारा टिकटॉकपर बैन लगाने की करें तो, भारत में, 1.4 अरब की आबादी वाले देश में, टिकटॉक को 200 मिलियन उपयोगकर्ताओं का दर्शक वर्ग बनाने में केवल कुछ साल लगे।

चीन स्थित बाइटडांस के स्वामित्व वाले टिकटॉक के लिए भारत सबसे बड़ा बाजार था ।फिर, 29 जून, 2020 को भारत और चीन के बीच सीमा विवाद के हिंसा में बदल जाने के बाद, भारत सरकार ने 58 अन्य चीनी ऐप्स के साथ-साथ टिकटॉक पर भी प्रतिबंध लगाने की घोषणा कीगूगल और एप्पल स्टोर से ऐप्स गायब हो गए और उनकी वेबसाइटें ब्लॉक कर दी गई।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐप्स को भारत की संप्रभुता और अखंडता, भारत की रक्षा, राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए हानिकारक बताया था।

जनवरी 2021 में प्रतिबंध को स्थायी कर दिया गया। टिकटॉक भारत में जल्दी आया और 2017 में देश की दर्जनों भाषाओं में व्यापक आधार स्थापित किया। इसकी सामग्रीलघु वीडियो-घरेलू और हाइपरलोकल थी। कुछ ही वर्षों में, टिकटॉक कई छोटे उद्यमशीलता उद्यमों के साथ-साथ मनोरंजन के लिए एक मंच बन गया, खासकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में।

भारत द्वारा टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय अचानक लिया गया था, जबकि अमेरिकी प्रयास, जो 2020 में शुरू हुए थे, लंबे समय तक चले।

लेकिन प्रेरणा काफी हद तक समान है। जैसा कि एनवाईटी की रिपोर्ट में कहा गया है, जहां संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन आर्थिक प्रभुत्व को लेकर एक नए तरह के शीत युद्ध में लगे हुए हैं, वहीं भारत और चीन के सैनिक 1962 से अपनी सीमा पर खड़े हैं।अमेरिका ने की भारत की तारीफ जब भारत ने टिकटॉक और कई चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाया, तो अमेरिका इस फैसले की सराहना करने वाले पहले देशों में से एक था।

अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री ने प्रतिबंध का स्वागत करते हुए कहा था कि इससे भारत की संप्रभुता को बढ़ावा मिलेगा। चीन ने ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और अमेरिका की ओर से टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद दूसरे देशों की सरकारों से उसकी कंपनियों से निष्पक्ष बर्ताव करने की अपील की थी।

अमेरिका, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड ने इस आशंका के कारण टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया है कि चीन के स्वामित्व वाली यह शॉर्ट वीडियो सर्विस सुरक्षा के लिए खतरा हो सकती है। सरकारों को चिंता है कि टिकटॉक का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी बाइट डांस उपयोग कर्ताओं के बारे में ब्राउजिंग हिस्ट्री या अन्य आंकड़ें चीनी सरकार को दे सकती है या दुष्प्रचार और भ्रामक सूचना को बढ़ावा दे सकती है।

भारत की तरह, अमेरिकी सांसदों को भी डर है कि ऐप बीजिंग के लिए प्रचार, गलत सूचना फैलाने या अमेरिकियों को प्रभावित करने के लिए एक उपकरण के रूप में काम कर सकता है।

कई अमेरिकी अधिकारियों और सांसदों ने लंबे समय से चिंता व्यक्त की है कि चीनी सरकार टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस को अमेरिकी उपयोगकर्ताओं से एकत्र किए गए डेटा को सौंपने के लिए मजबूर कर सकती है। दरअसल, भारत के टिकटॉक पर प्रतिबंध का जिक्र अमेरिकी सदन में तब हुआ जब टिकटॉक ऐप पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा बिल पेश किया गया।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत के बाद अमेरिका ने भी चीन को जोरदार झटका दिया!

अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगना लगभग तय है- अमेरिकी सीनेट ने ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दी।

भारत अमेरिका सहित अनेक देश राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए,यूजर डाटा तक चीनकी पहुंच को रोकने,टिकटॉक पर बैन उचित कदम है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# एपीपी पर अभद्रता करने का आरोप वकीलों में रोष

## –एक दिवसीय हड़ताल कर जताया विरोध

खबरों की दुनिया



**रावतभाटा।** अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष एडवोकेट रईस अहमद मंसूरी के साथ एपीपी द्वारा अभद्र व्यवहार करने के विरोध में गुरुवार को सभी वकील लामबंद हुए और एक दिवसीय हड़ताल कर विरोध जताया। अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप बिल्लू ने बताया कि न्यायालय के सहायक लोक अभियोजक उमेश प्रेमी ने उपाध्यक्ष रईस अहमद मंसूरी के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिसकी सभी बार एसोसिएशन सदस्यों ने कड़े शब्दों में निंदा की और एकदिवसीय हड़ताल कर विरोध जताया। वकीलों ने आरोप लगाया कि न्यायालय द्वारा दिए गए पत्र को सहायक कर्मचारी रामगोपाल अकोदिया से जबरन छीन कर उसे अपनी गाड़ी की डिग्गी में डाल दिया और थाने से केस डायरी नहीं मंगवाने की बात कही।

वकीलों ने आरोप लगाया कि सहायक लोक अभियोजक द्वारा फरियादी को नाजायज परेशान किया जा रहा है। हड़ताल के दौरान वकीलों ने एडीजे कोर्ट की भी मांग उठाई। प्रदर्शन करने वालों में महासचिव मदनपाल कोषाध्यक्ष लालचंद प्रजापत, मुख्य संरक्षक एच एन शर्मा, पुस्तकालय सचिव विशाल सिन्हा, कार्यालय मंत्री अमिक अहमद, बाबूराम देराश्री, अजीज हुसैन, अनिल शर्मा, लालचंद जायसवाल, विजय अटवाल, यशवंत राय श्रीवास्तव, राहुल जैन, अर्जुन सिंह चुंडावत, जान मोहम्मद, जितेंद्र राठौर, नरेंद्र सिंह सहित वकील मौजूद रहे।

# दादी परिवार ने लगवाया वाटर कूलर



खबरों की दुनिया

**नवलगढ़** कस्बे के ग्राम डूंडलोद के सैनीपुरा मे दादी महिला परिवार इकाई की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सैनीपुरा में इस भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के लिए वाटर कूलर भेंट किया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में बच्चो ने अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सांस्कृतिक प्रोग्राम भी किया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा बहुत अच्छे सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए। उनमें रामदेव पर भी एक गीत गाया। बच्चों को दादी परिवार की तरफ से बिस्किट व अन्य जलपान सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय की हिन्दी प्रवक्ता रंजना शर्मा ने सभी दादी परिवार की महिलाओं का बहुत आदर सत्कार किया।

प्रधानाचार्य जनाब गुलाम हैदर की तरफ से सभी दादी परिवार की महिलाओं को धरा को हरा भरा रखने और आगे भी इसी प्रकार सहयोग करने के लिए धन्यवाद के साथ में गमलों में पौधे भेंट किए। इस अवसर पर ललिता शर्मा, बिंदु पाटोदिया, कृष्णा मुरारका, कविता मुरारका, पूनम पाटोदिया, नीरू सेन, लोचन देवी व अन्य दादी परिवार की महिलाएं उपस्थित रही।

# भातरा के सीबीईओ बनने पर शिक्षकों ने किया स्वागत



खबरों की दुनिया

**नदबई।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ब्लाक कार्यकारिणी नदबई की ओर से ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जिलेदार के नेतृत्व में नवनियुक्त सीबीआई सुरेश चंद्र भतरा का स्वागत सम्मान किया गया। सीबीईओ को भातरा ने शिक्षकों के कार्यों का समय पर निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता पर बल दिया। उधर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में प्रिंसिपल रामबाबू शर्मा के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के ब्लॉक अध्यक्ष जिलेदार एवं ब्लॉक नदबई के सभी शिक्षकों ने सुरेश चंद भातरा को सीबीईओ बनाए जाने पर, स्थानीय विधायक कुँ0 जगत सिंह का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया गया। सभी शिक्षकों में स्थानीय विधायक सिंह की अनुशंसा पर सुरेश चंद्र भतरा को उपखंड शिक्षा अधिकारी बनाए जाने पर खुशी एवं हर्ष की लहर है। इस अवसर पर यादव चंद लवानियां हरीश चौधरी, राम विजय, अंकुर जिंदल, सुरेश, पूनम चतुर्वेदी, अशोक लवानियां, नंदकिशोर उपाध्याय, कपिल लवानियां, हनुमान गुर्जर, जगमोहन, नंदलाल, अतरसिंह, रामकरण मीणा, चांदराम, टीकाराम, हरिसिंह, पवन शर्मा, भूपसिंह, अभिषेक जैन, दिनेश शर्मा, रामेश्वर सैनी, हरि मोहन मीणा, विष्णु भगवान आदि मौजूद रहे।

# एवीएम कॉन्वेंट में वेस्ट टू बेस्ट एक्टिविटी का हुआ आयोजन

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

एवीएम कॉन्वेंट स्कूल में वेस्ट टू बेस्ट एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पीजी से कक्षा 9 वीं तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की सजावटी वस्तुएं पुरानी और अनुपयोगी चीजों का प्रयोग करके बनाई गई। जिनमें वॉल हैंगिंग, फोटो फ्रेम, पेंटिंग्स, बर्ड्स, ट्री हाउस, डस्टबिन, कार ,जेट फाइटर, फ्लावर पॉट, पेंसिल होल्डर ,कूलर, बांसुरी, हवाई जहाज, साइकिल तथा अन्य बहुत सारी सजावटी व उपयोगी वस्तुएं बनाकर बच्चों ने सभी को यह संदेश दिया कि कोई भी सामान बेकार नहीं होता है हम उसे विभिन्न प्रकार की नई वस्तुएं निर्माण कर उसे एक नया रूप दे सकते हैं। बच्चों ने थ्री आर फार्मूला रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल का प्रयोग कर वस्तुओं का निर्माण किया जिससे पर्यावरण को कोई क्षति न पहुंचे। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षाविद् वी के त्यागी, प्रेसिडेंट कुसुम त्यागी, प्राचार्या




अनीता त्यागी ने बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की एक्टिविटी विद्यालय में होती रहनी चाहिए इनसे बच्चों में बौद्धिक



कौशल का विकास होता है और साथ ही बच्चों में वस्तुओं को नवनिर्माण करने की प्रेरणा भी मिलती है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर निकाली रैली, कार्यशाला में दी मलेरिया से बचाव की जानकारी

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

विश्व मलेरिया दिवस पर एएनएम प्रशिक्षण केंद्र से मलेरिया और मच्छरों से बचाव संबंधी जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर पुनः एएनएम प्रशिक्षण केंद्र पर पहुंची। रैली के पश्चात उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा की अध्यक्षता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को मलेरिया, डेंगू के बारे में जानकारी एवं बचाव के उपायों के बारे में बताते हुए कहा कि सामान्य मलेरिया बुखार जानलेवा नहीं होता है, लेकिन उपचार में देरी या सही उपचार का न मिल पाना मलेरिया से मृत्यु होने का






कारण बन जाता है। मलेरिया रोग का कारण एक कोशिकीय परजीवी 'प्लाजमोडियम' है जो मादा एनाफिलीज मच्छर को ग्रसित करता है और ऐसे संक्रमित मच्छर के काटने से यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक आसानी से पहुंच जाता है। मलेरिया से बचाव के लिए घरों में आसपास बने हुए जल स्त्रोत, गड्ढे, पशुओं की खेली, परिंडे इत्यादि की प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस मनाते हुए साफ-सफाई कर मलेरिया मच्छर के लार्वा को पैदा होने से रोका जा सकता है। साथ ही मच्छरों से बचाव हेतु एमएलओ एवं अन्य मच्छर रोधी उपचारों के बारे में बताया गया। इस दौरान लार्वा का प्रदर्शन भी किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस पर घरों में परिंडे, मटके, कूलर, फ्रिज की ट्रे इत्यादि को साफ सफाई कर मच्छर के लार्वा को पैदा होने से रोका जा सकता है। कोई भी कबाड़ का सामान टायर डिब्बे एवं अन्य सामग्री जिसमें पानी जमा रहा सकता है को साफ किया जाना चाहिए। कार्यशाला के दौरान प्रिंसिपल कल्पना सैंगर, ओम प्रकाश लोधी, चरणजीत सिंह सहित प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएं मौजूद रही।

## सदर पुलिस ने की कार्यवाही

# अवैध चम्बल बजरी की भरे हुए ट्रैक्टर, ट्रोली जब्त, बजरी माफिया फरार

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर अवैध बजरी के खिलाफ थानाधिकारी रामनरेश उ0नि0 के नेतृत्व में गुरुवार को बजरी खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक ट्रेक्टर ट्रोली को अवैध बजरी से भरे हुए जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अवैध बजरी के लिए सख्त बनी हुई है। तभी थाना सदर पुलिस द्वारा डी0एस0टी0 टीम की सूचना पर पप्पू ढाबे के सामने हाईवे पर नाकाबंदी करते हुये एक ट्रेक्टर मय ट्रोली के अवैध बजरी से भरे हुये को जब्त किया गया एवं बजरी माफिया चालक, ट्रेक्टर-ट्रोली छोड़कर फरार हो गए। जिस पर मामला दर्ज कर फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है।



## कर की टक्कर से एक की मौत

**धौलपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 11 बी पर बड़ागांव के पास एक बुजुर्ग को कार ने टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि हाईवे पर बड़ागांव के पास कार चालक ने सड़क पार कर रहे शहजाद पुत्र खैराती निवासी वैदल पाड़ा सरमथुरा को टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सरमथुरा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक पशुओं के लिए चारा लेने गया था। चारा काटने के बाद सड़क पार करते समय हादसा हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# पांचवी बोर्ड की परीक्षा 30 अप्रैल से

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

प्राथमिक शिक्षा स्तर की पांचवीं बोर्ड की परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल से किया जाएगा। इसको लेकर विभाग ने सभी तैयारियां कर रखी हैं। इस परीक्षा में करीब 34 हजार 582 विद्यार्थी भाग्य आजमाएंगे। बोर्ड के परीक्षा प्रश्न पत्र धौलपुर पहुंचे गौर जिन्हें शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने थानों में सुरक्षित रखवा दिए हैं। यह परीक्षा 4 मई तक आयोजित होंगी। मिली जानकारी के अनुसार पांचवीं बोर्ड की परीक्षा के लिए करीब 246 परीक्षा केंद्र पर बनाए गए हैं। 30 अप्रैल से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा 4 मई तक आयोजित होगी जिसमें पहली पारी में सुबह 8 बजे से साढ़े 10 बजे तक कराई जाएगी। डाइट के प्रिंसिपल महेश कुमार मंगल ने बताया कि प्रतिदिन होने वाली परीक्षा में पहला पेपर अंग्रेजी का कराया जाएगा। जिसके बाद हिंदी, गणित, पर्यावरण अध्ययन, संस्कृत, उर्दू और सिंधी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसको लेकर सभी परीक्षा केंद्र को प्रश्न पत्रों



का वितरण कर दिया गया है। पहले पांचवीं बोर्ड की परीक्षा 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित कराई जानी थी लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किया गया। जिसके बाद 30 अप्रैल से 4 मई तक पांचवीं बोर्ड की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

## रेलवे की नयी पहल

# दिव्यांग बच्चों को किराया रियायत कार्ड की डोर स्टेप डिलेवरी

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

आगरा मंडल में मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आगरा अमित आनंद के निर्देशन में बौद्धिक दिव्यांग संस्थान (टीयर्स) शास्त्रीपुरम सिकंदरा में कैंप लगाकर करीब 150 छात्र-छात्रों को दिव्यांग रेलवे रियायत कार्ड बनवाकर उन्हें वितरित किये गये। पहले कार्ड बनवाने के लिए कार्यालय में बार -बार आना पड़ता था, यात्री सुविधा में नया कीर्तिमान स्थापित किया है इसके साथ-साथ अमित आनंद ने प्राइमरी के बच्चो का कौशल विकास व फिजियोथैरेपी रूम की गतिविधियों को देखा एवं बच्चों द्वारा किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को प्रभावित किया 7 बौद्धिक दिव्यांग संस्थान (टीयर्स) शास्त्रीपुरम,सिकंदरा की निदेशक डॉ.रीता अग्रवाल ने कहा की दिव्यांग रेलवे रियायत कार्ड बनवाकर बच्चो को स्कूल में वितरित किये गये यह रेलवे का एक दिव्यांगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है7 किराये में 75त्न तक की छूट मिलेगी व छात्र-छात्रों का दिव्यांग रेलवे रियायत कार्ड बनने से उनको रेल यात्रा के दौरान परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,





आगरा अमित आनंद ने कहा की एक शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति एक आवेदन पत्र भरकर ई-टिकटिंग के लिए दिव्यांग रेलवे रियायत कार्ड के लिए आवेदन कर सकते है। आने वाले दिनों में अन्य कई संस्थाओं के साथ मिलकर ऐसे कदम उठाये जायेगे। इस अवसर पर बौद्धिक दिव्यांग संसथान के अध्यापकों व बच्चों ने रेलवे आगरा मंडल की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,आगरा अमित आनंद,मंडल वाणिज्य प्रबंधक कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव सहित रेल कर्मचारी व बौद्धिक दिव्यांग संस्थान (टीयर्स) के शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

## मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

**धौलपुर 25 अप्रैल।** बसेड़ी थाना क्षेत्र के पत्तीपुरा गांव में बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों ने पीहर पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की। मारपीट में घायल लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

घायल हुए मनोहर पुत्र ग्यासी कुशवाह निवासी हुलासीपुरा बाड़ी ने बताया कि पांच साल पहले उसने अपनी दोनों बेटी मिथिलेश और भूरी की शादी पत्तीपुरा गांव के रहने वाले सतीश और कल्लो के साथ की थी। उसकी दोनों बेटियों की ससुराल पक्ष के लोग मारपीट करते थे, दो दिन पहले हुई मारपीट के बाद उनकी बड़ी बेटी मिथलेश मायके आ गई जिसे पीहर पक्ष के लोगों ने समझा कर वापस ससुराल भेज दिया। जहां एक बार फिर से सास-ससुर और बेटी के पति ने उसकी बेटी से मारपीट कर दी। ससुराल पक्ष द्वारा दोनों बेटियों के साथ की जा रही मारपीट से नाराज जब पिता अपने घर के लोगों को लेकर बेटी के ससुराल पहुंचा तो वहां ससुराल पक्ष के लोगों ने उनकी मारपीट कर दी। मारपीट में दोनों बेटी के साथ पिता बहन और भाई घायल हो गए। पीड़ित ने बताया कि मारपीट में घायल आधा दर्जन लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस को रिपोर्ट दी है।

# बाड़ी शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

बाड़ी ● खबरों की दुनिया

शहर के बाजार में हो रहे अस्थाई अतिक्रमण के कारण जाम और बिगड़ती ड्रेनेज सिस्टम से शहर वासियों को हो रही परेशानियों को देखते हुए न्यायालय ने संज्ञान लिया और संज्ञान के बाद दिए गए निर्देश पर पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया और आनन फानन में शहर से अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया।

जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी के निर्देश पर बाड़ी शहर में अतिक्रमण को लेकर पुलिस और प्रशासन द्वारा नगर पालिका के साथ कार्रवाई की है और दो दर्जन से अधिक चालान काटे गए। साथ में दुकानदारों को हिदायत दी है कि वह दुकान से बाहर सामान ना रखें और न ही किसी प्रकार से आम रास्ते को अवरुद्ध करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बड़ी सीओ नरेंद्र कुमार और तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां के नेतृत्व में अतिक्रमण को लेकर की गई कार्रवाई के दौरान नगर पालिका के अधिकारी एवं पुलिस थाने के एसआई जगदीश सागर के नेतृत्व में पुलिस एवं नगर पालिका के स्टाफ द्वारा अतिक्रमण को लेकर यह कार्यवाही की है। अभियान शहर के किला गेट से शुरू







कर मुख्य बाजार में होते हुए सीताराम बाजार, बसेड़ी रोड, रेलवे फाटक, भारद्वाज मार्केट,अंबेडकर सर्किल सहित कई स्थानों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण को नहीं हटाये जाने पर जहां पुलिस द्वारा 8 चालान किए गए, वहीं नगर पालिका प्रशासन ने 15 चालान काटे हैं। साथ में कुछ दुकानदारों के बाहर रखे सामान को भी जप्त किया गया है।

बाड़ी नगर पालिका के जेईएन कैलाश पाराशर ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस और प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई की है। अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा। हाई कोर्ट के निर्देश पर उक्त कार्रवाई को किया जा रहा है। दुकानदारों द्वारा न केवल दुकानों के बाहर सामान रखा गया है बल्कि बेंच और टेबल लगाकर अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर रखा है जिससे मार्ग सिकुड़ गया है जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। मार्ग सिकुड़ जाने के कारण वाहनों को बाजार में से निकलना दुश्वार बना हुआ है।

# लोकसभा आम चुनाव-2024: द्वितीय चरण वाले लोकसभा क्षेत्रों में वर्ष 2019 के मुकाबले 23 लाख से अधिक मतदाता बढ़े

## - प्रत्याशियों की संख्या में 37 और बूथों की संख्या में 576 की वृद्धि

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राज्य में लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत दूसरे चरण में मतदान वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2,80,78,399 मतदाता पंजीकृत हैं। इसमें 1,44,74,618 पुरूष, 1,36,03,457 महिला और 324 ट्रांसजेडर मतदाता हैं। सर्विस वोटर्स की संख्या 26,837 है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि द्वितीय चरण में मतदान वाले इन 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वर्ष 2019 के मुकाबले 23,02,211 मतदाता बढ़े हैं। वर्ष 2019 में इन क्षेत्रों में कुल 2,57,76,188 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें 1,33,06,422 पुरूष, 1,24,69,627 महिला और 139 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। साथ ही, सर्विस वोटर्स की संख्या 25,840 है।

**लोकसभा क्षेत्रवार वर्ष 2024 और ( 2019 ) मतदाताओं की संख्या-**
टोंक-सवाई माधोपुर: 21,50,616 (19,45,992), अजमेर: 19,99,399 (18,76,346), पाली: 23,48,274 (21,61,663), जोधपुर: 21,38,241 (19,56,755), बाड़मेर: 22,08,630 (19,41,231), जालोर: 22,97,692 (20,71,244), उदयपुर: 22,31,240 (20,69,559), बांसवाड़ा: 22,00,607 (19,75,368), चित्तौड़गढ: 21,70,738 (20,15,911), राजसमंद: 20,64,478 (19,12,911), भीलवाड़ा: 21,48,657 (19,97,328), कोटा: 20,88,853 (19,48,010), झालावाड़-बारां: 20,30,974 (19,03,870).

**नव मतदाताओं की संख्या में 1.53 लाख की वृद्धि**

गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2019 के मुकाबले 18-19 वर्ष आयु वाले नव मतदाताओं की संख्या 7.13 लाख से बढ़कर 8.66 लाख हो गई है। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 2.53 लाख से बढ़कर 3.23 लाख, एनआरआई मतदाताओं की संख्या 70 से बढ़कर 130 हो गई है।

**बाड़मेर में सबसे अधिक मतदाता बढ़े-**

गुप्ता ने बताया कि सर्वाधिक 2,67,399 मतदाता बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में बढ़े हैं। इसके साथ ही, जालोर में 2,26,448, बांसवाड़ा में 2,25,239, टोंक-सवाई माधोपुर में 2,04,624, पाली में 1,86,611, जोधपुर में 1,81,486, उदयपुर में 1,61,681, चित्तौड़गढ़ में, 1,54,827, राजसमंद में 1,51,567, भीलवाड़ा में 1,51,329, कोटा में 1,40,843, झालावाड़-बारां में 1,27,104 और अजमेर में 1,23,053 वृद्धि हुई है।

**इस बार 152 प्रत्याशी, वर्ष 2019 में 115 थे-**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के द्वितीय चरण वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 152 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें 145 पुरूष और 7 महिलाएं शामिल हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनाव के दौरान इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 115 प्रत्याशी थे। इनमें 108 पुरूष और 7 महिलाएं थीं।

**163 नई लोकेशन पर बूथ बने-**

गुप्ता ने बताया की इन 13 लोकसभा क्षेत्रों के 28,758 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें 4,778 शहरी, 23,327 ग्रामीण और 653 सहायक मतदान केंद्र हैं। वर्ष 2019 में इन क्षेत्रों में 28,182 बूथों पर मतदान हुआ था।

# हनुमान शोभायात्रा को लेकर विशेष तैयारियां

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

मंगलवार को हनुमान जयंती पर जिलेभर के मंदिरों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। लेकिन लोकसभा चुनाव और सहालग होने की वजह से शोभायात्रा 27 अप्रैल को निकाली जाएगी। यह निर्णय शोभायात्रा कमेटी ने लिया था। अब कमेटी शोभायात्रा को लेकर तैयारियों में जुट गई है। शहर को लाइटों से विशेष रूप से सजाया जा रहा है। कमेटी शोभायात्रा को लेकर दिन रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। कमेटी शोभायात्रा को बेहद आकर्षक और बेहतरीन तरीके से निकालने के प्रयास में है, क्योंकि हनुमान शोभायात्रा जिले में मशहूर है इस शोभायात्रा को काफी दूर से लोग देखने आते हैं। हनुमान जयन्ती - हनुमान जयन्ती की निकलने वाली यात्रा में कई दर्जन झांकियां रहेंगी, बाहर से आने झांकियों का प्राथमिकता दी जायेगी, स्थानीय झांकियां भी रहेंगी। शोभायात्रा में करीब आदा दर्जन से अधिक बैण्ड रहेंगे। हनुमान जयन्ती शोभायात्रा महात्मा नंद की बगीची से प्रारम्भ होकर टाउन चोकी, फूटा दरवाजा, हॉस्पीटल, जगन टॉकिज, सराय गजरा रोड, लाल बाजार, हनुमान तिराहा, पुरानी सब्जी मण्डी, तोप तिराहा, बजरिया, गडरपुरा नही निकाली जायेगी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय छान में प्रेरणा उत्सव आयोजित, 150 विद्यार्थियों ने लिया भाग





**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** स्थानीय पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय छान जिला टोंक में विद्यालय स्तरीय प्रेरणा उत्सव मनाया गया, जिसमें विद्यालय के कक्षा 9 से 11वीं कक्षाओं के कुल 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रेरणा उत्सव के अंतर्गत चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन, निबंध लेखन जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया।

विद्यालय प्राचार्य एस. सी. ध्यानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य एस.सी. ध्यानी ने इस मौके विद्यार्थियों को प्रोत्साहन दिया और उनके कलाकर्म की मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम संयोजक भवानी सिंह (स्नातकोत्तर शिक्षक आंग्ल) ने बताया कि नौ भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित विषय पर अपने सृजनात्मकता का परिचय कराया। सभी विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रचनात्मक लेखन, कला सृजन से रूबरू कराया। गतिविधियों में से चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। यहाँ से चयनित विद्यार्थियों को सात दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण एवं उन्नयन कार्यक्रम हेतु वडनगर जिला-मेहसाना(गुजरात) में प्रेरणा नेतृत्व संस्थान में भेजा जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान कला शिक्षक ताराचंद शर्मा, हिन्दी शिक्षिका रिंकी मीणा, हिन्दी शिक्षक केसर सिंह, अंग्रेजी शिक्षक जितेंद्र शर्मा और उप प्राचार्य राजीव चौहान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन दिया और उनकी हौसला अफजाई की।



## खबरों की दुनिया एक नजर

## किशोर न्याय बोर्ड की महिला सदस्य का कार्यकाल नहीं बढ़ाने पर विभाग को किया तलब

**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** राजस्थान हाईकोर्ट ने गुरुवार को किशोर न्याय बोर्ड टोंक की महिला सदस्य का कार्यकाल नही बढ़ाने व राज्य के अन्य जिलों में सदस्यों का कार्यकाल नए सदस्यों की नियुक्ति तक बढ़ाये जाने के मामले में राज्य के सामाजिक न्याय विभाग व अन्य से 29 अप्रैल तक जवाब तलब किया है व पूछा है कि क्यों नही नए सदस्य की नियुक्ति तक याचिकाकर्ता का कार्यकाल बढ़ा दिया जावेड़ न्यायाधीश महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश टोंक किशोर न्याय बोर्ड की महिला सदस्य कविता सिंघल द्वारा एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा के जरिये दायर की गई याचिका पर प्रारम्भिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में बताया गया है कि याचिकाकर्ता की नियुक्ति 22 अप्रैल 2021 को तीन वर्षों के लिए की गई थी जो 22 अप्रैल 2024 को पूर्ण हो गई किंतु प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते नए सदस्यों की नियुक्ति नही हो सकी, राज्य सरकार ने किशोर न्याय बोर्ड व राज्य के कई जिलों में बल कल्याण समिति के सदस्यों के कार्यकाल को नए सदस्य नियुक्त होने तक के लिए बढ़ा दिया किंतु टोंक किशोर न्याय बोर्ड जो कि एक न्यायिक बोर्ड है कि महिला सदस्य का कार्यकाल नही बढ़ाया गया, जिससे टोंक न्याय बोर्ड काम नही कर पा रहा है, क्योंकि बोर्ड में महिलाओं से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई के लिए महिला सदस्य का होना आवश्यक है। अदालत ने गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता बसंत सिंह छाबा को याचिका की प्रति सौपने के आदेश देते हुए 29 अप्रैल तक जवाब तलब किया है।

## राजीविका ने मतदान के लिए डोर टू डोर बांटी कुमकुम पत्रिका



**खबरों की दुनिया**

**बनेठा।** बनेठा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गुरूवार को आओ बूथ चले अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर राजीविका की महिलाओं ने मतदान कुमकुम पत्रिका वितरित कर शुक्रवार सुबह 7 से शाम 6 तक मतदान करने को लेकर मतदाताओं को प्रेरित किया। इस दौरान महिलाओं ने मतदान केंद्र पर मतदान संबंधित स्लोगन लिखकर रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया। राजीविका ब्लॉक कोर्डिनेटर गणपत गुर्जर, बनेठा कलस्टर प्रभारी शिमला गुर्जर, ममता शर्मा, रानी सोनी सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।

## बाइक सवार युवक पर जानलेवा हमला, कार सवार बदमाशों ने किया अटैक

### - पुलिस पर लेट एफआईआर दर्ज करने का आरोप

**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** जिले के उनियारा थाना इलाके में बुधवार रात को एक बाइक सवार युवक पर कार सवार बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। युवक को सरिये से वार कर घायल कर दिया। इसके बाद पीड़ति युवक की जेब से करीब 10 हजार रुपये लूट लिए। इसके बाद पीड़ित बेहोश हो गया, उसे करीब आधा घंटे बाद होश आया। इसके बाद पीड़ित युवक उनियारा थाने में पहुंचा।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसे रात को थाने से सुबह आने का कहकर भगा दिया गया। उसने रिपोर्ट दर्ज करने और मेडिकल मुआयना कराने की गुहार भी लगाई, लेकिन उसकी एक नहीं सुनी गई। इसके बाद उसने उच्च अधिकारियों को जानकारी दी, तब जाकर पुलिस ने आधी रात को उसकी रिपोर्ट दर्ज की



और मेडिकल मुआयना कराया। अभी तक हमलावर बदमाश पुलिस की गिरफ्त से दूर है। उनियारा थाना क्षेत्र के झुंड़वा निवासी मस्तराम (30) पुत्र रामप्रसाद मीना ने बताया कि बुधवार रात करीब पौने 8 बजे वे बाइक से गांव झुंड़वा जा रहा था। इसी बीच खातौली चौराहे के पास एक कार आई और उसके ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक ड्राइविंग करते हुए कार को बाइक के आगे लाकर रोक दी। इसके चलते बाइक सवार मस्तराम ने बाइक रोक दी। उसके बाद कार में सवार चार-पांच युवक हरिराम पुत्र श्योजी मीणा, रविंद्र पुत्र ब्रजमोहन मीणा, दीपक पुत्र ब्रजमोहन मीणा निवासी झुंडवा और दो अन्य लोगों ने हमला कर दिया।इनमें से हरिराम ने सरिये से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया और बेहोश होकर वही गिर पड़ा। करीब 25-30 मिनट बाद उसे होश आया तो वह जैसे तैसे उठकर उनियारा थाना पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कर मेडिकल मुआयना करा कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करे। लेकिन चार घंटे बाद भी उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। फिर उसने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई। उसके बाद उसकी रिपोर्ट दर्ज कर उसका मेडिकल मुआयना करवाया है। बाद में उसका मेडकल चेकअप किया गया। पुलिस ने इस मामले में आगे की कार्रवाई शुरु कर दी।

## अंगुली पर स्याही का निशान दिखाने पर 54 व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा दी जाएंगी विशेष छूट

### 27 अप्रैल को रहेगा ऑफर

**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद अंगुली पर लगी अमिट स्याही दिखाने पर टोंक शहर के 54 प्रमुख प्रतिष्ठान 5 से लेकर 70 प्रतिशत तक की छूट देंगे। यह छूट शनिवार, 27 अप्रैल को लागू रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा की पहल पर श्रीव्यापार महासंघ टोंक ने यह नवाचार किया है। इनमें मैट्रर्स, चांदी एवं सोने की खरीद, कूलर, कॉस्मेटिक उत्पाद, एलईडी टीवी, सैनेट्री उत्पाद, फूड एवं कोल्डड्रिक्स, किराणा सामान, जूते, सैंडल एवं स्लिपर, मोबाईल सामान, मिठाई, ई-रिक्शा, बैटरी, कपड़े, बर्तन एवं किताबे शामिल है। गुरुवार को श्रीव्यापार महासंघ टोंक के अध्यक्ष मनीष बंसल ने 54 प्रतिष्ठानों के छूट का ऑफर लेटर सौंपा।

### टोंक शहर के इन प्रतिष्ठानों में रहेगी विशेष छूट

स्पेस फर्नीचर सिविल लाइन, अग्रवाल ज्वैलर्स सुभाष बाजार, रवि इलेक्ट्रोनिक कचहरी दरवाजा, गुरुदेव जनरल स्टोर पुरानी टोंक, गुरुदेव गैलेरी पुरानी टोंक, अनुपम ऑडियों-विजन न्यू बस स्टैण्ड टोंक, मिहिर इलेक्ट्रोनिक्स न्यू बस स्टैंड, स्वाती ट्रेडर्स छावनी, चंदलाई वॉटर पार्क चंदलाई, आस्ता होटल नेशनल हाईवे, मंगल स्टेशनरी हॉस्टिपल रोड़, कमल कुमार-विमल कुमार किराणा मर्चेंट घंटाघर, मुनव्वर बूट हाउस कचहरी दरवाजा, बाटा शू पैलेस कचहरी दरवाजा, सरसा गोल्ड, हरीश मोबाईल सुभाष बाजार, जैन म्यूजिक मोबाईल मर्चेंट बड़ा कुआ, न्यू जोधपुर स्वीट कॉर्नर सुभाष बाजार एवं कलेक्ट्रेट के सामने, अग्रवाल मिष्ठान भंडार नगर परिषद के सामने, ओएमएस ऑटो मैसी शौरूम सवाई माधोपुर रोड़, धनश्री इंटरप्राइजेज सवाई माधोपुर रोड़, एसआर टैक्सटाईल्स सुभाष बाजार, रिधि श्रीसौलर आईडीबीआई बैंक के पास नजमा फुट वियर सुभाष बाजार, भारत इलेक्ट्रिक पांच बत्ती, कृष्णा एसोसिएट, शुभम रेडिमेड बड़ा कुआं, राधे-राधे बेकर्स एंड कैफे सिविल, संस्कृति कलेक्शन बड़ा तख्ता, लवली गर्ल्स वियर एवं आर्टिफिशियल ज्वैलरी बड़ा तख्ता, मुकेश ट्रेडर्स बड़ा कुंआ, फ्रेंड्स एसोसिएट सुभाष बाजार, नाथूलाल सूरजमल जैन बड़ा कुंआ, श्रीबालाजी रेफ्रिजरेशन एंड इलेक्ट्रिकल्स सैनी नगर, भूमि डवलपर्स सेंट सोल्जर स्कूल के पास एवं श्रीअरिहंत प्लाईवुड देवली रोड़, श्रीश्याम बैट्रीज छावनी, नीहू गारमेंटस छावनी, पवन एजेंसी मेहंदी बाग, बीके मार्ट जवाहर बाजार, श्रीराम बीज भंडार घंटाघर, कैलाशचंद खंडेलवाल, घंटाघर, अरोड़ क्लोथ स्टोर सुभाष बाजार, अशोक जनरल सुभाष बाजार, पिंकी गिफ्ट पैलेस सुभाष बाजार, अग्रवाल बर्तन भंडार सुभाष बाजार, वर्धमान प्लाईवुड एंड हार्डवेयर कामधेनू सर्किल, नेशनल गर्ल्स वियर सुभाष बाजार, आरके जनरल स्टोर रामकृष्ण मंदिर, भगवान बुक डिपो पटेल सर्किल, होटल ब्लू स्टार एवं नूरी बूट हाउस बड़ा कुंआ टोंक में विशेष छूट दी जाएगी।

## नवदिवसीय विष्णु महायज्ञ के आयोजन को लेकर लोगों से किया संपर्क

**खबरों की दुनिया**

**निवाई।** निकटवर्ती गांव जौंला में स्थित नारायणदास महाराज आश्रम पर बालयोगी ब्रह्मचारी व यज्ञकर्ता संत ओमगिरी अवपुत के सनिध्य में 21 गुणात्मक नवदिवसीय श्रीविष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष कालूराम गौरा सोहेला ने बताया कि 12 मई को 21 गुणात्मक नवदिवसीय श्रीविष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसके सफल आयोजन को लेकर यज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने गांव-गांव में लोगों से संपर्क करके महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि यज्ञाचार्य पंडित गिरिराजप्रसाद पांडे सुरेली वाले के सनिध्य में महायज्ञ को लेकर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

## देशी, अंग्रेजी शराब व बीयर के कार्टून जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**खबरों की दुनिया**

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने डीएसटी टीम के साथ बडी कार्रवाई करते हुए 112 लीटर देशी शराब, 45 लीटर अंग्रेजी शराब व 79 लीटर बीयर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मादक पदार्थो पर की जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशो पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व डीवाईएसपी देशराज कुलदीप के निर्देशन में



पुलिस ने गांव नटवाडा तिराहे पर शिवाड रोड से अरूण उर्फ रामसिंह पुत्र हीरालाल गुर्जर निवासी नटवाडा के कब्जे से 13 कार्टून डोलामारू देशी शराब के 624 पव्वे सहित 45.66 लीटर अंग्रेजी शराब व 79.85 लीटर बीयर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर शुष्क दिवस होने के बावजूद बिना लाईसेंस के आरोपी के कब्जे से मिली शराब को जब्त करके आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## सेक्टर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**खबरों की दुनिया**

**पीपलू।** उपखंड कार्यालय सभागार में उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मतदान केंद्र में पाई गई कमियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जिन मतदान केदो पर व्हीलचेयर की आवश्यकता है वे सेक्टर अधिकारी तहसील कार्यालय से व्हीलचेयर लेकर जाएं। मतदान केंद्र पर बिजली, छाया, पानी, चार्जिंग पॉइंट व्यवस्था, फर्नीचर, उपयुक्त शौचालय, टेंट की व्यवस्थाए वेब कास्टिंग आदि चुस्त दुरस्त होनी चाहिए। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर कानून व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। स्वीप वार रूम में राजीविका बीपीएम की ड्यूटी लगाकर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। पोलिंग डे के दिन कृषि सखी एवं पशु सखी के माध्यम से बुधवार को 7 से 9 बजे तक मतदाताओं से मतदान करवाना, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रत्येक बूथ पर खेल टोली की मॉनिटरिंग करने के लिए आईआरबी एआरपी को नियुक्त किया। पोलिंग डे पर खेल टोली ड्रेस कोड में रहेगी। इस दौरान विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव व तहसीलदार इन्द्रजीतसिंह चौहान सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### आदर्श बूथ की तैयारियों का लिया जायजा

विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव ने कस्बे के मुख्य बाजार में बनाए आदर्श बूथ संख्या 55 का जायजा लिया। ग्राम विकास अधिकारी को आदर्श बूथ को लेकर विशेष सजावट किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी कानाराम चौधरी, सत्यनारायण पारीक व प्रहलादराम बैरवा सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## मतदान दल निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराए : डॉ. सौम्या झा

### टोंक जिले की चार विधानसभाओं के लिये मतदान दल रवाना

**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान आज होने वाले मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिये 25 अप्रैल गुरुवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक से मतदान दल रवाना हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा ने कहा कि सभी मतदान दलों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया गया है। मुझे उम्मीद है कि सभी मतदान दल भली प्रकार से स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में मतदान का कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को अपने निर्धारित रूट के अनुसार अपने आवंटित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करवाने की तैयारी करनी है। साथ ही, आवंटित मतदान केंद्र पर रहकर अपने उतरदायित्वों को पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में भी मतदान दलों के ठहरने तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। चुनाव में लगे अधिकारी, कर्मचारी किसी प्रकार का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे। चुनाव कार्य निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। मतदान केंद्र की तैयारी से लेकर 26 अप्रैल को निर्धारित समय पर मॉक पोल करवाकर प्रातः 7 बजे मतदान प्रारंभ करना है, जो सायं 6 बजे तक निरंतर चलेगा। सभी अधिकारी, कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय के अनुसार मतदान की सूचना समय-समय पर निर्धारित प्रपत्रों में प्रेषित करनी जरूरी है। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जायेगा।

राजकीय महाविद्यालय टोंक से तृतीय प्रशिक्षण के पश्चात चारों विधानसभा के लिये मतदान दलों को ईवीएम व चुनाव सामग्री देकर रवानगी दी गई। साथ ही, मतदान दलों के साथ पर्याप्त सुरक्षा बल भी दिये गये हैं। मतदान दलों के प्रशिक्षण व रवानगी के अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक दीप्रवा लाकरा, पुलिस पर्यवेक्षक के. नारायण, व्यय पर्यवेक्षक मयूर गजानन कांबले, पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश चौधरी समेत सभी एआरओ मौजूद रहे।

### जिले के चारों विधानसभाओं में 1134 मतदान केंद्रों पर 11 लाख 22 हजार 195 मतदाता वोट डालेंगे

टोंक जिले की चारों विधानसभाओं में कुल 1134 मतदान केंद्रों पर 11 लाख 22 हजार 195 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 5 लाख 75 हजार 472 पुरूष एवं 5 लाख 46 हजार 718 महिला एवं 5 ट्रांसजेंडर मतदाता है। मालपुरा विधानसभा में 287 मतदान केंद्रों पर 2 लाख 74 हजार 631 मतदाता अपना वोट डालेंगे। इनमें 1 लाख 40 हजार 169 पुरूष एवं 1 लाख 34 हजार 462 महिला मतदाता है। निवाई विधानसभा में 286 मतदान केंद्रों पर 2 लाख 86 हजार 750 मतदाता अपना वोट डालेंगे। इनमें 1 लाख 47 हजार 600 पुरूष एवं 1 लाख 39 हजार 150 महिला मतदाता है। इसी प्रकार टोंक विधानसभा में 258 मतदान केंद्रों पर 2 लाख 59 हजार 239 मतदाता अपना वोट डालेंगे। इनमें 1 लाख 32 हजार 157 पुरूष एवं 1 लाख 27 हजार 78 महिला एवं 4 ट्रांसजेंडर मतदाता है। देवली-उनियारा विधानसभा में 303 मतदान केंद्रों पर 3 लाख 1 हजार 575 मतदाता अपना वोट डालेंगे। इनमें 1 लाख 55 हजार 546 पुरूष एवं 1 लाख 46 हजार 28 महिला मतदाता है।

### मतदान के लिए फोटो पहचान पत्र के साथ ही 12 प्रकार के दस्तावेज मान्य

लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में निर्वाचन फोटो पहचान पत्र की उपलब्धता के अभाव में भी मतदाता वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकेंगे।

वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र और राज्य सरकार, लोक उपक्रम, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## वोट देने के बाद ही खुलेगा बाजार, उंगली पर निशान देखकर देगें सामान



### मतदान के महाकुंभ में अधिक से अधिक संख्या में वोटिंग करने की अपील की

खबरों की दुनिया

**निवाई।** लोकतंत्र को मजबूत करने का नवाचार को लेकर वोट देने के बाद ही बाजार खुलेंगे। मतदाता की ऊँगली पर निशान देखकर सामान देंगे। मतदान करके सामान खरीदने वाले ग्राहकों को 25 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जाएगी। रामाज रिसोर्ट एंड कुर्ती के निदेशक महावीरकुमार टेलर ने मतदान के महाकुंभ में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील करते हुए बताया कि मानसरोवर, वैशाली नगर, सीतापुरा, निवाई एवं कोटा में रामाज कुर्ती के सरावगी मेन्शन व जीटी सेण्ट्रल स्टोर को सभी कर्मचारी वोट देने के बाद ही खोलेंगे। उन्होंने बताया कि ग्राहक की ऊँगली पर निशान देखकर ही सामान दिया जाएगा। मतदान करके सामान खरीदने वाले ग्राहकों को 25 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि रामाज रिसोर्ट पर फूड एंड पार्टिस रूम बुकिंग पर अपने वोटिंग निशान को दिखाकर 25 प्रतिशत डिस्काउंट का लाभ ले सकते हैं।

# निवाई विधानसभा क्षेत्र में 286 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान

### - प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने की संपूर्ण तैयारियां

खबरों की दुनिया



**निवाई।** टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के निवाई विधानसभा क्षेत्र में भी आज मतदान होगा। विधानसभा क्षेत्र में सभी मतदान दल पहुंच गए हैं तथा तैयारी में जुट गए हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार 2 लाख 86 हजार 750 कुल मतदाता हैं। इनमें से 1 लाख 47 हजार 600 पुरुष है एवं 1 लाख 39 हजार 150 महिला मतदाता हैं। सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 8 बूथ पर सभी चुनाव कार्मिक महिलाएं होंगी। उन्होंने बताया कि कुल 286 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से अति संवेदनशील 66 मतदान केंद्र हैं। अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर 1-3 का आरपीएफ व 1-4 का पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर महिला कार्मिक बूथ 8, युवा कार्मिक बूथ 8, दिव्यांग कार्मिक बूथ 1, इको प्रेन्डली बूथ 5, बनाए गए है। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए 3 एरिया मजिस्ट्रेट बनाए गए है। विधान सभा क्षेत्र में 136 मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा को लेकर छाया, पानी, बिजली, चार्जिंग पॉइंट व्यवस्था, फर्नीचर, उपयुक्त शौचालय, व्हीलचेयर व टेंट सहित सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की है। चुनाव प्रशासन ने सम्पूर्ण क्षेत्र में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, भयमुक्त, निष्पक्ष, निर्भिक एवं सुव्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने की तैयारियां की है। डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को पूरी तरह चाक चौबंद करते हुए रात्रि गश्त बढाने, मादक पदार्थ व अवैध शराब माफियों पर सख्ती बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने, मतदाताओं को डराने धमकाने वालों पर विशेष निगाह रखने व संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर कानून व्यवस्थाओं की संपूर्ण तैयारिया कर ली है।

## चिराना के दो युवक केदारनाथ के लिए पैदल रवाना



खबरों की दुनिया

**चिराना।** कस्बे के सीकर रोड स्थित श्री गणेश मंदिर से केदारनाथ पैदल यात्रा के लिए दो युवक गुरुवार को रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व चिराना निवासी मोनी सेन, बागोरिया की ढाणी निवासी ऋतिक सैनी ने गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की। ये दोनों 800 किमी की दूरी करीब 30 दिन में तय करेंगे। ग्रामीणों ने फूल माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत करते हुए दोनों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर भाजपा नेता गिरधारी लाल इंदौरिया, सरपंच राजेंद्र सिंह शेखावत, सरपंच जगमोहन सिंह शेखावत, एडवोकेट बजरंग लाल सैनी, पूर्व सीएमएचओ डॉ. मुरलीधर सेठी, सोहन सेन, गुटटु सेन, अंकित पारीक, बाबूलाल सैनी, सुरेंद्र सैनी, अनिल अग्रवाल, समर्थन सिंह शेखावत, बंटी जांगिड़, संदीप सैनी, श्रीराम जांगिड़, विक्रम सिंह शेखावत, सुभाष सेन, राजेंद्र चंदेल, राकेश कुमावत, कृष्ण सेन, प्रदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

## भैंरूजी का दूध से किया अभिषेक



खबरों की दुनिया

**पीपलू।** नाथड़ी रोड़ पर स्थित बनी के भैरवनाथ मंदिर में विश्व कल्याण की कामना को लेकर भैरूंजी का दुग्धाभिषेक किया गया। आचार्य पं. कैलाशचंद त्रिपाठी के सान्निध्य में यजमान कालूराम गुर्जर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भैरूंजी का अभिषेक किया। इस दौरान विद्वान पंडितों ने गणपति, षोड़श मातृका, नवग्रह व वास्तुपाल की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान भगवान भैरवनाथ की फूलों से भव्य झांकी सजाई गई। इस अवसर पर पंडित चंद्रमोहन, ब्रह्मानंद शर्मा, दीनदयाल जैमन व भीम शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### जेईई मैंस में एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के 52 विद्यार्थियों का चयन

खबरों की दुनिया

**चिड़ावा।** झुंझुनूं रोड स्थित एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा संचालित एमडीसीएल फाउंडेशन बैच के 80 में से 52 विद्यार्थियों का जेईई मैंस में चयन हुआ। इनमें अमित झाझड़िया पुत्र नरेन्द्र कुमार 99.52 प्रतिशत व 1667वीं रेंक प्राप्त कर शीर्ष पर रहा। इसके अतिरिक्त रश्मि मित्तल पुत्री विवेक मित्तल 99.01 ने 2367वीं रेंक प्राप्त की, पायल शर्मा पुत्री बाबूलाल शर्मा 98.75, जयश्री सोनी पुत्री उमाशंकर सोनी 98.67, रोहित पुत्र कृष्ण यादव 98.49, मुस्कान पुत्री प्रमोद कुमार 97.63, हिमांशु सैनी पुत्र श्रवण सैनी 96.92, प्रदीप पुत्र राजवीर 95.32, हर्षवर्धन शर्मा पुत्र चंद्रकांत शर्मा 95.19, अश्विन पुत्र कृष्ण कुमार ने 94.90, अनीस पुत्र विजेंद्र कुमार ने 94.61प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# श्री श्याम मंदिर में तीन दिन चलेगा पाटोत्सव कार्यक्रम

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** खेतानों का मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर में पाटोत्सव पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

श्री श्याम परिवार संस्थान के सचिव श्रीकांत गाडिया ने बताया कि पाटोत्सव कार्यक्रम में 01 जून को निशान पदयात्रा निकाली जाएगी। सूरजगढ़ निशान की अगुवाई में पदयात्रा केसरिया ध्वज लेकर अग्रसेन भवन से दोपहर 3~15 बजे रवाना होंगे और शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए शाम को श्री श्याम मंदिर में बाबा को निशाना अर्पित करेंगे। शाम को सूरजगढ़ दरबार के हजारीलाल सैनी की मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार 02 जून को सुबह 9:15 बजे आचार्य वेदप्रकाश महमिया के सानिध्य में सवा लाख रुद्राक्ष शिव महायज्ञ होगा। रात्रि में खाटूधाम के महन्त मोहनदास महाराज के सानिध्य में भजन संध्या होगी। 03 जून को सुबह 9:15 बजे श्रीश्याम अखंड ज्योत पाठ होगा। इसमें व्यासपीठ से पंडित दिनेश सुरोलिया और सुभाष अजमेर द्वारा वाचन किया जाएगा। इस अवसर पर किनकिनी डांस ग्रुप कोलकात्ता के द्वारा नृत्य नाटिका पेश की जाएगी। रात्रि जागरण में ग्वालियर के मशहूर गायक मनोज शर्मा द्वारा बाबा को रिझाया जाएगा। पाटोत्सव पर विशेष आकर्षण बंगाली कारीगरों द्वारा की जाने वाली फूलों की सजावट होगी। कार्यक्रम में श्रद्धालु इत्र वर्षा का आनंद ले सकेंगे।

## झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के 25 विद्यार्थियों का जेईई मेन्स में उत्कृष्ट परिणाम

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक बार फिर शेखावाटी में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।




स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने बताया कि घोषित जेईई मेन्स-2024 के परीक्षा परिणाम में झुंझुनूं एकेडमी के 25 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं के स्पर्श तुलस्यान ने जेईई मेन्स में 99.86 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल स्कूल का बल्कि जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इसके अतिरिक्त जतिन ने 99.52, रूद्राक्ष एवं नंदिनी ने 99.40, प्राचिता ने 99.34, उज्वल ने 99.27, हर्षित ने 99.17, दीपक ने 99.20, गौरव सिंह ने 98.80, अल्केश ने 98.65, मोनल सिंह ने 98.28, मोहित चौधरी ने 97.80, अभिजीत सेवदा ने 97.73, सार्थ शर्मा ने 96.27, इक्क्षिता 95.16, वेदांत 94.78, भव्या 94.40, पोषण 92.28, पलक पूनिया ने 90.89, निखिल ने 90.24, अनुराग पूनिया 83.00, पीयूष पूनिया ने 80.00 प्रतिशत अंक तथा इसके साथ ही कई विद्यार्थियों ने उच्च अंक अर्जित कर अपने स्कूल एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है। झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, श्यामसुन्दर शर्मा, हेडमिस्ट्रेस उमा शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरि सहित सभी स्कूल पदाधिकारियों एवं स्टाफ मैम्बर्स ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## स्कूली बच्चों को स्नेक्स बांटे



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** शहीद इन्द्रसिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सैनिकपुरा में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वाधान में गुरुवार को स्वर्गीय राधेश्याम एवं स्वर्गीय सुशील कुमार तुलस्यान की स्मृति में उनके परिवारजन की ओर से लगभग 200 स्कूली बच्चों को बिस्कुट, भुजिया, कुरकुरा, टाफी एवं शीतल पेय इत्यादि स्नैक्स के पैकेट बनाकर वितरित किए गए। इस अवसर पर दानदाता परिवार से श्रीमती ललिता देवी, श्रीमती सुधा देवी, श्रीमती स्नेहलता एवं डॉ. डीएन तुलस्यान, स्कूल प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुनीता कुमारी ढाका, अध्यापिका कंचनलता गोस्वामी, सावित्री देवी, रिंकू चौहान, कृष्णा शर्मा, सुचिता एवं सरोज कुल्हारी सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## विश्व मलेरिया दिवस पर स्कूली बच्चों को मच्छरों के बचाव से किया जागरूक

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** विश्व मलेरिया दिवस पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर की सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चों को मच्छरों से बचाव के तरीकों के बारे में बताया। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि मलेरिया दिवस पर मच्छर जनित रोगों से बचाव की जानकारी के लिए जिले भर में 761 दलों द्वारा स्कूली बच्चों के बीच जाकर उ पोस्टर के प्रदर्शन कर जानकारी दी। पेंपलेट्स वितरित किए। अधिकांश दल ने प्रार्थना सभा के समय ही पंहुच कर बचाव की जानकारी दी। उन्होनें बताया कि घरों में आसपास बने हुए जल स्रोत, गड्ढे, पशुओं की खेली, परिंडे इत्यादि की प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस मनाते हुए साफ-सफाई कर मलेरिया मच्छर के लार्वा को पैदा होने से रोका जा सकता है। साथ ही मच्छरों से बचाव हेतु फॉगिंग, एमएलओ एवं अन्य मच्छर रोधी उपचारों के बारे में बताया गया। डॉ डांगी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर रविवार को प्रत्येक सप्ताह मनाए जा रहे सूखा दिवस को घरों में परिंडे, मटके, कूलर, फ्रिज की ट्रे इत्यादि को साफ सफाई कर मच्छर के लार्वा को पैदा होने से रोका जा सकता है। कोई भी कबाड़ का सामान टायर डिब्बे एवं अन्य सामग्री जिसमें पानी जमा रहा सकता है को साफ किया जाना चाहिए। साथ ही हर शुक्रवार को कार्यालयों और निजी संस्थानों में भी ड्राइ डे मनाते हुए मच्छर रोधी गतिविधिया आयोजित करनी हैं। साथ ही फागिंग एमएलओ तथा मच्छर रोधी, स्प्रे, इत्यादि एवं पीने के पानी के भंडारण को भी समय पर सफाई करने से लार्वा को पैदा होने से रोका जा सकता है।

## पानी नहीं मिलने पर जलदाय विभाग में किया लोगों ने प्रदर्शन

खबरों की दुनिया



**उदयपुरवाटी।** नगर पालिका क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पानी की बराबर सप्लाई नहीं होने के कारण आक्रोशित वार्ड 18, 19 के निवासियों ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता अनूप गुप्ता को नाराजगी जताते हुए ज्ञापन दिया। पूनम चंद्र सोनी से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 18 व 19 सहित पालिका क्षेत्र के अंदर पीने के पानी की विकट समस्या बनी हुई है। आक्रोशित वार्ड वासियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

लोगों ने बताया कि जलदाय विभाग के अधिकारी की अनदेखी के चलते पालिका में दो माह से पानी की भयंकर समस्या पैदा हो गई है। लोगों का कहना है कि जलदाय विभाग के नजदीक होने के बावजूद भी 72 घंटे से पानी सप्लाई की जाती है। जहां 50 परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में नल का पानी आता ही नहीं है। 3 से 5 दिन के अंतराल में तो पानी खोलने से पीने के पानी के लिए मोहल्ले में बड़ी समस्या है। इस समस्या से निजात पाने के लिए मोहल्ले वासियों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सभी वार्डो में प्रतिदिन पानी सप्लाई करने की मांग की है। लोगों ने बताया कि जलदाय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से अवैध कनेक्शन किए हुए हैं। इन अवैध कनेक्शन की वजह से प्रतिदिन पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है। मोहम्मद रफीक का कहना है कि समय पर पानी नहीं मिलने के कारण जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर पीने के पानी की समस्या का समाधान अति शीघ्र करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि उपखंड अधिकारी को भी दी गई है। जिसमें समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी हैं। ज्ञापन के दौरान रामदेव शर्मा, रामेश्वर लाल, बाबूलाल लीलगर, उस्मान, बिलाल बिसाती, विशाल शर्मा, डॉक्टर कुरैशी, योगेश शर्मा, अजय शर्मा, सैयद, रफीक, मन्नालाल सैनी, मोहम्मद शरीफ, सोहेल, शहजाद, समीर खान, साजिद, रमजान आदि मौजूद रहे।

# चाय थडी, दुकानों पर जाकर किया मतदान के लिए जागरूक

खबरों की दुनिया





**बनेठा।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता अभियान के तहत ग्राम विकास अधिकारी सहित बीएलओ ने गुरुवार को मुस्तैद रहकर जहां मतदान बूथो पर मतदान दलो की व्यवस्था व मतदान दिवस पर मतदाताओं के लिए सुविधाएं जुटाने मे व्यस्त रहे।वही मतदान का प्रतिशत बढाने को लेकर समय मिलते ही चाय की थडी व भीड वाली दुकानों पर पहुंच कर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए आज सबसे पहले मतदान करने की अपील की।

इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह, बी एल ओ मनोज जैन एवं हेमराज चोपदार ने बताया कि बनेठा कस्बें में कुल 6 बूथ बनाए गए हैं जिस पर मतदान को लेकर आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार ककोड मे बी एल ओ विष्णु सिंह, ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने मतदान बूथो पर जाकर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की है। वहीं बीएलओ द्वारा मतदाताओं को वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। बाज़ार में चाय की थड़ियो पर भी लोगों को 26 अप्रैल को वोट डालने व डलवाले का आग्रह किया जा रहा है। प्रत्येक मतदाताओं को वोटिंग स्लिप वितरित कर दी गई है।

बीएलओ द्वारा प्रत्येक बूथ पर हेल्पडेस्क की व्यवस्था भी की गई हैं। शिवराजपुरा पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी मानसिंह हाडा ने बताया कि अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जा रही है।

## कामगार विद्युत कार्य सेफ्टी नियमों से करे : टीबड़ा



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** विद्युत जैसे जोखिमपूर्ण उद्योग में कार्य के दौरान हो रही विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अधीक्षण अभियंता महेश कुमार टीबडा के सानिध्य में अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल की कार्यशाला हुई। अधीक्षण अभियंता टीबडा ने विद्युत दुर्घटना से कामगार के जीवन में आने वाली त्रासदी के लिए गहन चिंता व्यक्त की। उन्होंने विद्युत कार्य के दौरान कामगारो से सेफ्टी के नियमों का सख्ती से पालना करने की बात कही। श्रमिक संघ की ओर से डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तंवर, जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने विद्युत दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए सुझाव एवं विचार व्यक्त किए। बैठक के दौरान श्रमिक समस्याओं पर चर्चा की। समस्याओं के निराकरण में अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सभी उपखंड कार्यालयों तथा उप चौकियों पर रोशनी एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने, शौचालय निर्माण करने, कामगारों को परिचय पत्र जारी करने, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने सहित प्रमुख मांगों को रखा। बैठक में कार्मिक अधिकारी जाहिद खान, प्रशासनिक अधिकारी बलवीर, श्रमिक संघ संगठन मंत्री नरेश स्वामी, जिला सयुंक्त महामंत्री राजवीर सामरिया, सिताराम योगी, दलीप सैनी, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सा शिविर में 115 महिला रोगी लाभान्वित हुए

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सोनी अपेक्स हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला रोगीयों की बीपी, शुगर एवं ब्लड की जांच कर परामर्श दिया गया। गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी निःशुल्क की गई। उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देकर बीमारियों से बचाव के टिप्स दिए। शिविर संयोजक पवन कुमार खेतान, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान, रीजन सेकेट्री महेश कुमार मुंड, एनआरआई मुबारक अली पहाड़ियांन, देवेंद्र कुमार गौड़, सूमेरसिंह कर्णावत, अकराज कुरैशी, एवं काफी संख्या में वीर वीराएं व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## पक्षियों के लिए परिंडे व चुग्गा पात्र स्वेच्छा से लगवाकर पुण्य के भागीदार बनें: समित शर्मा

### जल भवन में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने कहा कि तेज गर्मी और लू को देखते हुए पक्षियों के पानी पीने के लिए परिंडे लगाए ताकि पानी की तलाश में पक्षियों को भटकना नहीं पड़े। इनकी चहचहाट सुनने के लिए अपने आसपास के वातावरण में दाना पानी रखना होगा ताकि भोजन एवं पानी की तलाश में ये हमारे वातावरण को सुना करके ना जाए। शासन सचिव ने जल भवन में पक्षियों के लिए लगाए 11 परिंडे के दौरान यह बात कही। साथ ही उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सभी कार्यालयों, हेड वर्क्स, पंप हाउस आदि में परिंडे एवं चुगा पात्र लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विभाग के अधीनस्थ सभी कार्यालय में परिंडे जरूर लगाना चाहिए। पक्षियों की फिक्र करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।



गर्मियों में पक्षियों को पीने का पानी व चुग्गे की कमी होने के कारण इनकी अकाल मृत्यु हो जाती है। इसी प्रकार पशुधन को भी पानी की व्यवस्था के अभाव में भटकना पड़ता है। विभागीय स्त्रोतों/ हैडवर्क्स के पास ओवरफ्लो/ लीकेज आदि से पानी बेकार होता है, इसे भी खेळी से जोड़कर इसका समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है।अतः पक्षियों एवं जीव जन्तुओं के जीवन को बचाने के उद्देश्य से विभाग के समस्त कार्यालयों, पम्प हाउस, हैड वर्क्स आदि पर कार्मिकों, भामाशाह, गैर-सरकारी संगठन, आमजन आदि के सहयोग व सहभागिता से सुगम स्थानों पर वृक्षों पर पक्षियों के लिए परिंडे व चुग्गा पात्र स्वेच्छा से लगवाया जाकर पुण्य के भागीदार बनें। डॉ शर्मा ने कहा कि पक्षियों के परिंडों में प्रतिदिन पानी एवं चुग्गा पात्र में चुग्गे की समुचित व्यवस्था स्वेच्छा से कार्मिकों द्वारा आपसी सहयोग से की जा सकती है, एवं परिंडों में प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारी स्थानीय सेवाभावी कार्मिकों को दी जा सकती है।

# अजमेर लोकसभा की सीट के लिए जयपुर से गई टीम, टोंक से 1134 मतदान केंद्रों पर गुरुवार को मतदान दल पहुंचे

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रवीण गुप्ता ने की अधिक से अधिक मतदान करने की अपील



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान में दूसरे चरण के लिए शुक्रवार सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू होगी, जो शाम 6 बजे तक चलेगी। 13 लोकसभा सीटों के लिए होने वाली इस वोटिंग के लिए गुरूवार को पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई।

ज्यादा से ज्यादा वोटिंग हो इसके लिए व्यापारियों ने भी अपने-अपने प्रतिष्ठान पर डिस्काउंट देने का एलान किया है। सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन परिसर से दूदू विधानसभा क्षेत्र जो अजमेर लोकसभा क्षेत्र में आता है। वहां वोटिंग करवाने के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। इस विधानसभा सीट पर करीब 2 लाख 54,641 वोटर्स है, जो आज वोटिंग करेंगे।

वहीं टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट में शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

यहां बीजेपी ने मौजूदा सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने देवली-उनियारा विधायक हरिश मीणा को उम्मीदवार बनाया है।

### फोटो पहचान पत्र समेत 12 डॉक्युमेंट से डाल सकेंगे वोट

लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में निर्वाचन फोटो पहचान पत्र की उपलब्धता के अभाव में भी मतदाता 12 तरह के वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकेंगे। वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र और राज्य सरकार, लोक उपक्रम, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने

## टोंक-सवाईमाधोपुर दौरे पर मतदान दलों की रवानगी का किया निरीक्षण



खबरों की दुनिया

**टोंक।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बुधवार को टोंक के राजकीय स्नात्तकोत्तर कॉलेज परिसर में बने मतदान दलों की रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने यहां मतदान कर्मियों से बात कर चुनाव संबंधी प्रक्रियाओं के बारे में पूछा। साथ ही पार्किंग व्यवस्था, मतदान दलों की रवानगी एवं वापसी, सुरक्षा संबंधी सहित अन्य चुनाव कार्यो की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। गुप्ता ने जिला निर्वाचन कार्यालय में वेबकास्टिंग का निरीक्षण किया। इसके पश्चात 24 घंटे चलने वाले इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया मॉनिटरिंग सेल में विजिट कर प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदान दलों की रवानगी के लिए लगाए गए पांडाल में पेयजल की उचित व्यवस्था रखी जाए। साथ ही गर्मी के मद्देनजर अतिरिक्त कूलर भी पांडाल में लगाए जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पांडाल में लगाए गए कूलरों में पानी की उपलब्धता रहे। गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान दल रवानगी के समय में मतदान दलों को उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री के मिलाने के लिए नई व्यवस्था की गई है। इसके तहत मतदान दल चुनाव सामग्री लेने के बाद इसका मिलान अलग से बनाए गए पंडाल में स्थापित सामग्री मिलान केंद्र पर करवाएंगे, ताकि चुनाव कर्मियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। सामग्री मिलान केंद्र के लिए सभी आवश्यक इंतजाम एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। श्री गुप्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसका जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना है।

इस दौरान टोंक -सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त किए गए सामान्य पर्यवेक्षक दिप्रवा लाकला, जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सौम्या झा, जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## वायु सेना का टोही विमान जैसलमेर में हुआ क्रैश

### शहर से 30 किमी दूर जाजिया गांव के पास गिरा, बॉर्डर एरिया पर निगरानी कर रहा था

खबरों की दुनिया

**जैसलमेर।** जैसलमेर से 30 किमी दूर भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान क्रैश हो गया। हादसा गुरुवार सुबह 10 बजे के करीब पिथला-जाजिया गांव के पास भोजाणियों की ढाणी के पास हुआ। हालांकि हादसे में किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के साथ वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। वायुसेना के अधिकारी क्रैश के कारणों की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह यूएवी एयर क्राफ्ट है जो मानव रहित होता है और बॉर्डर एरिया पर हो रही गतिविधियों पर नजर रखने के काम आता है। यह बॉर्डर एरिया में लगातार घूमता है और निगरानी करता है। इससे पहले भी ये क्राफ्ट तकनीकी खामी के चलते क्रैश हो चुके हैं।

पर्यटन को बढ़ावा

### जयपुर में 5 से 7 मई को होगा तीन दिवसीय 'द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 2024' का आयोजन

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तैयारियों के सम्बन्ध में आयोजित हुई बैठक

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जयपुर में 5 से 7 मई 2024 को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में बैठक आयोजित की गई।

मुख्य सचिव ने इस आयोजन में राजस्थान की पर्यटन विशेषताओं को मुख्य रूप से प्रस्तुत किए जाने पर जोर दिया। आयोजन में स्टेक होल्डर्स, जिसमें विदेशी डेलिगेट्स प्रमुख है को राजस्थान की परंपरा के अनुसार आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थानी व्यंजनों को बढ़ावा दिए जाने के लिए आयोजन के दौरान कम से कम एक बार के भोजन में राजस्थान के व्यंजनों को प्रमुखता से शामिल करने के निर्देश दिए। पंत ने तीन दिवसीय आयोजन के उद्घाटन कार्यक्रम को अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राजस्थान की कला,पर्यटन और इतिहास आधारित सांस्कृतिक आयोजन को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया जाए।



पर्यटन निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने बैठक में जीआईटीबी के शेड्यूल की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन 5 मई 2024 को वेड इन इंडिया एक्सपो सुबह 9:45 से शाम 4:30 बजे तक महारानी महल रामबाग पैलेस में किया जाएगा। वेड इन इंडिया एक्सपो का उद्देश्य है कि देश और विदेश के पर्यटकों द्वारा ज्यादा से ज्यादा राजस्थान में वैडिंग की जाए, जिससे राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इसी दिन शाम 6:30 बजे जय महल पैलेस में जीआईटीबी का औपचारिक उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। दूसरे दिन व तीसरे दिन 6 व 7 मई 2024 को जयपुर के सीतापुरा में जेईसीसी हॉल में सुबह 9:30 से शाम 6:00 बजे तक एग्जीबीशन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विदेशी टूर ऑपरेटर्स के साथ राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बी टू बी मीटिंग आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन के बाद से 8 मई से फॉरेन टूर ऑपरेटर्स को राजस्थान भ्रमण भी करवाया जाएगा। जिससे वे राजस्थान में पर्यटन आकर्षणों को अनुभव कर सकेंगे। डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 2024 में 250 विदेशी टूर ऑपरेटर, कई इंटरनेशनल वेडिंग प्लानर्स एवं घरेलू वेडिंग प्लानर्स सहभागिता कर रहे हैं, जो पर्यटन और वेडिंग से संबंधित अपने उत्पादों को प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन में गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गोवा, तमिलनाडु और उड़ीसा पर्यटन सहभागिता कर रहे हैं। इस आयोजन में राजस्थान के विभिन्न ट्रैवल ट्रेड एसोसिएशंस भी सहभागिता कर रहे हैं। जिनमें फिक्की, इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन , राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स, होटल्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान प्रमुख हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से 2008 से आयोजित हो रहे द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार के 13 वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 2024 के आयोजन में विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए आरटीडीसी, पुलिस विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर नगर निगम हैरिटेज व ग्रेटर, यूडीएच, जेडीए, पुरातत्व व म्यूजियम, जेवीवीएनएल, डीआईपीआर, एयरपोर्ट अथोरिटी जयपुर और वन विभाग सहित विभागों को आयोजन से सम्बंधित अपने अपने दायित्वों के निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिससे इस आयोजन में आने वाले देश-विदेश के डेलिगेट्स एक अच्छा अनुभव लेकर वापस लौटे। बैठक में डीजीपी यू आर साहू, एसीएस वन अपर्णा अरोड़ा, आयुक्त जयपुर पुलिस बीजू जॉर्ज जोसफ, एडीजी यातायात हवा सिंह घुमरिया, प्रमुख शासन सचिव यूडीएच एवं एलएसजी भास्कर ए सावंत, जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में दैनिक गतिविधियों का जायजा

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में दैनिक गतिविधियों का जायजा लेकर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व सोशल मीडिया कर्मियों से संवाद किया। इस दौरान लोकसभा चुनाव प्रभारी विनय, प्रदेश सह-प्रभारी विजया रहाटकर, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण लाल पंचारिया, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, आईटी के प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी, सोशल मीडिया संयोजक हीरेन्द्र कौशिक समेत पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जेईई मेन्स में जयपुर के स्टूडेंट्स का कमाल...

## यशनील ने 45वीं रैंक हासिल कर किया सिटी टॉप

**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई-मेन्स 2024 के परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें कोटा की एक कोचिंग के स्टूडेंट नीलकृष्ण ने देशभर में टॉप किया है। वहीं जयपुर के यशनील ने देशभर में 45वीं रैंक हासिल की और जयपुर सिटी में टॉप किया। इसके साथ ही ऑलओवर इंडिया 117वीं रैंक हासिल कर सक्षम खंडेलवाल ने जयपुर सिटी में दूसरी और 122वीं रैंक हासिल कर पलक्ष गोयल ने जयपुर में तीसरी रैंक हासिल की है।

# सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा पहली बार 8 देशों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा

## ● 15 दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का होगा आयोजन ● 1 मई को गणेश निमंत्रण से होगी शुरुआत

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सर्व ब्राह्मण महासभा एवं अन्य सहयोगी ब्राह्मण संगठनों की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह 01 मई से 15 मई तक आयोजित किया जायेगा। 15 दिवस तक चलने वाले कार्यक्रम में विभिन्न दिवसों पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगें। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया है कि इस बार ना केवल राजस्थान और देश में वरन विश्व के 8 प्रमुख देशों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन होगा। ऐसा पहली बार होगा की विदेशो की धरती पर भगवान परशुराम जी की जय जयकार होगी और विभिन्न आयोजन होगें। जिसमें प्रमुख रूप से आस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड, लंदन, कनाडा, इटली, अमेरिका, बैंकांग, दुबई, कतर में परशुराम जन्मोत्सव 10 मई अक्षय तृतीया को धूमधाम से आयोजित किया जायेगा और देश की सभी राजधानियों में शस्त्र पूजन के आयोजन किये जायेगें। साथ ही राजस्थान प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों और तहसील, गांव ढाणी स्तर तक भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन किये जायेगे! भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का विधिवत शुभारंभ 01 मई को प्रातः



9:00 बजे मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में गणेश निमंत्रण के साथ होगा। इस अवसर पर जयपुर के प्रमुख संत, महंतों की उपस्थिति में एक स्टीकर का विमोचन भी किया जायेगा। 06 मई को ताड़केश्वर महादेव मंदिर चौड़ा रास्ता में 5100 दीपों से महाआरती का आयोजन होगा। 08 मई को ''भगवान परशुराम जी का व्यक्ति त्व एवं कृतित्व'' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विद्वान परशुराम जी के व्यक्ति त्व पर प्रकाश डालेंगें।

09 मई को परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रेलवे स्टेशन स्थित भगवान परशुराम सर्किल पर नन्हे-मुन्ने बच्चे दीप प्रज्जवलन करेंगें। 10 मई को मुख्य समारोह में भगवान परशुराम जी की मूर्ति की प्रतिष्ठा होगी साथ ही पूरे प्रदेश में परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा का आयोजन होगा।

मिश्रा ने बताया कि 10 मई को भगवान परशुराम जी का श्रृंगार पूजा अर्चना एवं महाआरती भी की जायेगी साथ ही 01 मई से 15 मई तक जयपुर, उदयपुर, टोंक, बांसवाड़ा, बूंदी, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर, गंगापुर सिटी, अलवर, सवाई माधोपुर, डूंगरपुर, झुंझुनू, दौसा, गंगानगर, चूरू, सीकर, पाली, जालौर, जैसलमेर, कोटा, माउंट आबू सहित 35 जिलों एवं 180 तहसील मुख्यालयों पर विभिन्न कार्यक्रम जन्मोत्सव समारोह के अन्तर्गत आयोजित होंगे।

मिश्रा ने बताया कि 15 मई को शस्त्र एवं शास्त्र का पूजन किया जायेगा। साथ ही 12 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन पर जयपुर में ''ब्राह्मण रत्न '' सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। सम्मान समारोह में समाजसेवी, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी, साहित्यकार, व्यवसायी, चिकित्सा, शिक्षा शास्त्री सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली लब्ध प्रतिष्ठित ब्राह्मण प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा।

पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि जयपुर में इस आयोजन को सफल बनाने के लिये एक समिति का गठन किया गया जिसमें राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महामंत्री सविता शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कमलेश शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गब्बर कटारा, जयपुर जिला अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, जयपुर युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, उदयपुर युवा अध्यक्ष संभाग अध्यक्ष अविकुल शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री, समाज सेवी वरुण शर्मा को शामिल किया है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालय:** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123